# MASTER SET

Number of Pages : **40**
पृष्ठों की संख्या : **40**
No. of Questions : **150**
प्रश्नों की संख्या : **150**
Marks / अंक : **300**
Time / समय : **3 Hours / घण्टे**

**Subject Code**
**विषय कोड**

# 101013

**Subject :** LAW
**विषय :** विधि

Candidate's Roll No.
अभ्यर्थी का अनुक्रमांक

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | |

Candidate's Signature
अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

Invigilator's Signature
वीक्षक के हस्ताक्षर
1. ____________________
2. ____________________

**INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES**

1. The Question Paper consists of **two** parts : **Part-I** is compulsory of **50** questions **(Q.No. 1 to 50)** and **Part-II** Subject-wise of **100** questions **(Q.No. 51 to 150)** .
2. Please write your entries like Roll No., Question Booklet No. and Subject Code etc. very carefully and fill the relevant circles on the OMR Answer Sheet.
3. For filling the OMR Answer Sheet and darkening the circle use **Blue/Black Ball Point Pen** only.
4. Answer **all** questions. There will be no negative marking.
5. Each question carries **02 (two)** marks.
6. Each question has four alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4.** You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **Blue/Black Ball Point Pen.**
7. Only **one** answer is to be given for each question. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer. A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question. Leaving all the relevant circles or bubbles of any question blank will not be considered as wrong answer.
8. If there is any sort of ambiguity/ mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Versions of the question, the English Version will be treated as standard.
9. In case of missing pages, missing questions or any kind of printing discrepancy / defect in Question Booklet, candidates put their objections to invigilator within 5 minutes and obtain another Question Booklet.

**अभ्यर्थियों के लिए निर्देश**

1. प्रश्न-पत्र में दो भाग हैं : **भाग-I** अनिवार्य के **50** प्रश्न (**प्र.सं. 1 से 50**) और **भाग-II** विषयानुसार के **100** प्रश्न (**प्र.सं. 51 से 150**)।
2. कृपया ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अपना अनुक्रमांक, प्रश्न-पुस्तिका सं. तथा विषय कोड आदि प्रविष्टियाँ सावधानीपूर्वक लिखें और संबंधित गोलों को भरें।
3. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में संबंधित जानकारी व गोले को भरने के लिए केवल **नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का उपयोग करें।
4. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। ऋणात्मक अंकन नहीं है।
5. प्रत्येक प्रश्न के **02 (दो)** अंक हैं।
6. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: **1, 2, 3, 4** अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर-पत्रक पर **नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** से गहरा करना है।
7. प्रत्येक प्रश्न का मात्र **एक** ही उत्तर दीजिए। एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा। गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है। किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जायेगा।
8. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा।
9. प्रश्न-पुस्तिका में पृष्ठ कम, प्रश्न संख्या कम या अन्य किसी भी मुद्रण दोष होने पर 5 मिनट में वीक्षक के समक्ष आपत्ति रखकर दूसरी प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें।

**Do not open this Question Booklet until you are asked to do so. / इस प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।**

# Part-I / भाग-I

1. Which of the following is the correct sequence of levels of teaching ?
   (1) Reflective, Understanding, Memory
   (2) Understanding, Memory, Reflective
   (3) Memory, Understanding, Reflective
   (4) Memory, Reflective, Understanding

2. 'Cone of Experience' related to teaching and learning was proposed by :
   (1) Edgar Dale (2) B.S. Bloom
   (3) John Dewey (4) Frobel

3. According to Morrison, which of the following steps are included under the (Understanding Syntax) model of teaching ?
   (1) Exploration (2) Presentation
   (3) Generalization
   (4) Both Exploration and Presentation

4. Which among the following is advantage of Choice Based Credit System (CBCS) ?
   (1) Shift in focus from the teacher centric to student centric education.
   (2) Give new information in class.
   (3) It promotes E-learning.
   (4) Helping teachers to complete syllabus on time.

5. SWAYAM is a programme initiated by
   (1) National Council of Educational Research and Training
   (2) University Grant Commission
   (3) Government of India
   (4) Indira Gandhi National Open University

6. In research, SPSS is commonly used for data analysis. What does SPSS stand for ?
   (1) Statistical Package for the Social Sciences
   (2) Statistical Programme for Social Surveys
   (3) Social Package for Statistical Studies
   (4) Systematic Programme for Social Statistics

1. शिक्षण के स्तरों का सही अनुक्रम निम्नलिखित में से कौन सा है ?
   (1) चिंतनशील, बोध, स्मृति (2) बोध, स्मृति, चिंतनशील
   (3) स्मृति, बोध, चिंतनशील (4) स्मृति, चिंतनशील, बोध

2. शिक्षण और अधिगम से संबंधित 'अनुभव का शंकु' इनके द्वारा प्रस्तावित किया गया था :
   (1) एडगर डेल (2) बी.एस. ब्लूम
   (3) जॉन डीवी (4) फ्रोबेल

3. मॉरीसन के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन से सोपानों को (बोध संरचना) शिक्षण प्रतिमान के अन्तर्गत सम्मिलित किया गया है ?
   (1) अन्वेषण (2) प्रस्तुतीकरण
   (3) सामान्यीकरण
   (4) दोनों अन्वेषण और प्रस्तुतीकरण

4. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प आधारित क्रेडिट सिस्टम (CBCS) का लाभ है ?
   (1) शिक्षक केन्द्रित से छात्र-केन्द्रित शिक्षा की ओर बदलाव ।
   (2) कक्षा में नई जानकारी देता है ।
   (3) यह ई-लर्निंग को बढ़ावा देता है ।
   (4) शिक्षकों को पाठ्यक्रम समय पर पूर्ण करने में मदद करना ।

5. स्वयं (SWAYAM) कार्यक्रम इनके द्वारा आरंभ किया गया है
   (1) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
   (2) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
   (3) भारत सरकार
   (4) इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

6. अनुसंधान में SPSS का प्रयोग सामान्यतः आँकड़ा विश्लेषण के लिए किया जाता है । SPSS का पूर्ण रूप क्या है ?
   (1) स्टैटिस्टिकल पैकेज फॉर द सोशल साइंसेज़
   (2) स्टैटिस्टिकल प्रोग्राम फॉर सोशल सर्वेज़
   (3) सोशल पैकेज फॉर स्टैटिस्टिकल स्टडीज़
   (4) सिस्टेमैटिक प्रोग्राम फॉर सोशल स्टैटिस्टिक्स

7. A researcher derives a hypothesis from an existing theory and then tests it through systematic observation. Which research approach is illustrated in this case ?

(1) Inductive approach
(2) Deductive approach
(3) Empirical approach
(4) Retrodictive approach

8. Which of the following is first step to start the Research Process ?

(1) Survey of related literature
(2) Identification of the problem
(3) To find the solution of the problem
(4) Selecting the data gathering methods and techniques

9. Which of the following sampling techniques is also known as 'Judgemental sampling' ?

(1) Quota sampling
(2) Convenience sampling
(3) Cluster sampling
(4) Purposive sampling

10. Ethical Norms in research do not involve guidelines for :

(1) Copyright
(2) Data sharing policy
(3) Thesis format
(4) Patenting policy

7. एक शोधकर्ता किसी विद्यमान सिद्धांत से परिकल्पना निर्मित करता है और फिर व्यवस्थित अवलोकन के माध्यम से उसका परीक्षण करता है । इस स्थिति में कौन सा शोध उपागम प्रदर्शित होता है ?

(1) आगमनात्मक उपागम
(2) निगमनात्मक उपागम
(3) अनुभवजन्य उपागम
(4) पूर्वव्यापी उपागम

8. निम्नलिखित में से शोध प्रक्रिया प्रारम्भ करने का प्रथम चरण कौन सा है ?

(1) सम्बन्धित साहित्य का सर्वेक्षण
(2) समस्या की पहचान
(3) समस्या का समाधान ढूँढ़ना
(4) प्रदत्त संकलन की विधि और तकनीकी का चयन

9. निम्नलिखित में से कौन सी प्रतिचयन प्रविधि 'निर्णयात्मक प्रतिचयन' से भी जानी जाती है ?

(1) यथांश (Quota) प्रतिचयन
(2) सुविधानुसार प्रतिचयन
(3) पुंजानुसार प्रतिचयन
(4) उद्देश्यानुसार प्रतिचयन

10. अनुसंधान में नैतिक मानदंड के दिशा-निर्देशों में ये शामिल नहीं है :

(1) प्रतिलिप्याधिकार
(2) डेटा साझाकरण नीति
(3) शोध-प्रबंध का प्रारूप
(4) पेटेंट संबंधी नीति

**Passage English :**

Read the following passage and answer the **five** questions given below :
India is a treasure trove of culture, developed over thousands of years and manifested in the form of arts, works of literature, customs, traditions, linguistic expressions, artefacts, heritage sites, and more. Crores of people around the world partake in, enjoy, and benefit from this cultural wealth daily, in the form of visiting India for tourism, experiencing Indian hospitality, purchasing India's handicrafts and handmade textiles, reading the classical literature of India, practising yoga and meditation, being inspired by Indian philosophy, participating in India's unique festivals, appreciating India's diverse music and art, and watching Indian films, amongst many other aspects. It is this cultural and natural wealth that truly makes India, "Incredible India", as per India's tourism slogan. The preservation and promotion of India's cultural wealth must be considered a high priority for the country, as it is truly important for the nation's identity as well as for its economy.

**Passage हिन्दी :**

निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िए और नीचे दिए गए **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

भारत संस्कृति का समृद्ध भण्डार है – जो हज़ारों वर्षों में विकसित हुआ है और यहाँ की कला, साहित्यिक कृतियों, प्रथाओं, परम्पराओं, भाषाई अभिव्यक्तियों, कलाकृतियों, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के स्थलों इत्यादि में परिलक्षित होता हुआ दिखता है । भारत में भ्रमण, भारतीय अतिथि सत्कार का अनुभव लेना, भारत के खूबसूरत हस्तशिल्प एवं हाथ से बने कपड़ों को खरीदना, भारत के प्राचीन साहित्य को पढ़ना, योग एवं ध्यान का अभ्यास करना, भारतीय दर्शनशास्त्र से प्रेरित होना, भारत के अनुपम त्योहारों में भाग लेना, भारत के वैविध्यपूर्ण संगीत एवं कला की सराहना करना और भारतीय फिल्मों को देखना आदि ऐसे कुछ आयाम हैं जिनके माध्यम से दुनिया भर के करोड़ों लोग प्रतिदिन इस सांस्कृतिक विरासत में सम्मिलित होते हैं, इसका आनन्द उठाते हैं और लाभ प्राप्त करते हैं । यही सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक संपदा है जो भारत के पर्यटन स्लोगन के अनुसार भारत को वास्तव में "अतुल्य ! भारत" बनाती है । भारत की इस सांस्कृतिक संपदा का संरक्षण, संवर्धन एवं प्रसार, देश की उच्चतर प्राथमिकता होना चाहिए क्योंकि यह देश की पहचान के साथ-साथ इसकी अर्थव्यवस्था के लिए भी बहुत महत्त्वपूर्ण है ।

**11.** The passage states that India's culture has been developed over :

(1) A few decades (2) Hundreds of years

(3) Thousands of years

(4) The last century

**12.** Which of the following is NOT explicitly mentioned in the passage as a way crores of people in the world daily benefit from or enjoy India's cultural wealth ?

(1) Practising yoga and meditation

(2) Purchasing handicrafts and handmade textiles

(3) Watching Indian films and appreciating diverse music

(4) Investing in India's stock market trading platforms

**13.** In the opening sentence of the passage, what does the word 'manifest' imply about the thousands of years of Indian culture ?

(1) The culture has remained an abstract, historical concept that cannot be easily observed.

(2) The culture has undergone a sudden, unplanned development without any historical continuity.

(3) The long span of history has materialized into concrete, observable expressions such as art, literature, and physical heritage sites.

(4) The culture is rapidly diminishing and can now only be found within historical records.

**11.** अनुच्छेद के अनुसार, भारत की संस्कृति विकसित हुई है :

(1) कुछ दशकों में (2) सैकड़ों वर्षों में

(3) हज़ारों वर्षों में (4) पिछली शताब्दी में

**12.** निम्नलिखित में से अनुच्छेद में कौन सा आयाम दुनिया भर के करोड़ों लोगों द्वारा भारतीय सांस्कृतिक विरासत का आनंद लेने अथवा लाभ उठाने के लिए नहीं बताया गया है ?

(1) योग एवं ध्यान का अभ्यास करना

(2) हस्तशिल्प और हाथ से बने कपड़ों को खरीदना

(3) भारतीय फिल्मों को देखना और वैविध्यपूर्ण संगीत की सराहना करना

(4) भारत के शेयर बाजार में निवेश करना

**13.** अनुच्छेद के पहले वाक्य में प्रयुक्त 'परिलक्षित' शब्द का भारतीय संस्कृति के हज़ारों वर्षों के संदर्भ में क्या निहितार्थ है ?

(1) भारतीय संस्कृति एक अमूर्त विचार है, जिसे आसानी से देखा नहीं जा सकता ।

(2) भारतीय संस्कृति का विकास बिना किसी योजना के अचानक और अनियोजित तरीके से हुआ है ।

(3) हजारों वर्षों का इतिहास कला, साहित्य, परंपराओं और ऐतिहासिक स्थलों के रूप में ठोस और दृश्यमान रूप में सामने आता है ।

(4) भारतीय संस्कृति समय के साथ समाप्त हो रही है और अब केवल इतिहास अभिलेखों में बची है ।

**14.** Assertion (A) : The preservation and promotion of India's cultural assets must be treated as a high-priority national objective.
Reason (R) : This cultural heritage not only maintains the unique identity of the nation but is also highly critical in strengthening the country's economic growth.

(1) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A).
(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(3) (A) is true, but (R) is false.
(4) (A) is false, but (R) is true.

**15.** Based on the passage, consider the following statements regarding India's cultural wealth :
(a) It has manifested over a timeline spanning several millennia.
(b) It serves as the foundational justification for the national tourism slogan, 'Incredible India'.
(c) Its global impact is restricted purely to spiritual practices and classical academia.
(d) It includes both tangible creations and intangible elements.
Choose the correct answer from the options given below :

(1) Only (a) and (b) are correct.
(2) Only (a), (b) and (d) are correct.
(3) Only (b), (c) and (d) are correct.
(4) All (a), (b), (c) and (d) are correct.

**16.** Radio and Television are the examples of :

(1) Group communication
(2) Intrapersonal communication
(3) Interpersonal communication
(4) Mass communication

**17.** On which criteria communication can be classified into 'Intrapersonal', 'Inter-personal', 'Group' and 'Mass' communication ?

(1) Medium of communication
(2) Number of participants of communication
(3) Message of communication
(4) Purpose of communication

**14.** कथन (A) : भारत की सांस्कृतिक संपदा का संरक्षण, संवर्धन एवं प्रसार देश की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल होना चाहिए ।
कारण (R) : यह सांस्कृतिक विरासत न केवल देश की अनूठी पहचान को बनाए रखती है, बल्कि देश की आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने में भी बहुत महत्त्वपूर्ण है ।

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है ।
(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है ।
(3) (A) सही है, परंतु (R) गलत है ।
(4) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**15.** अनुच्छेद के आधार पर, भारत की सांस्कृतिक संपदा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(a) यह कई सहस्राब्दियों की समय-सीमा में प्रकट हुई है ।
(b) यह राष्ट्रीय पर्यटन स्लोगन, 'अतुल्य भारत' के लिए मूलभूत औचित्य प्रदान करती है ।
(c) इसका वैश्विक प्रभाव विशुद्ध रूप से केवल आध्यात्मिक प्रथाओं और शास्त्रीय शिक्षाविदों तक ही सीमित है ।
(d) इसमें मूर्त रचनाएँ और अमूर्त तत्त्व दोनों शामिल हैं ।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल (a) और (b) सही हैं ।
(2) केवल (a), (b) और (d) सही हैं ।
(3) केवल (b), (c) और (d) सही हैं ।
(4) सभी (a), (b), (c) और (d) सही हैं ।

**16.** रेडियो और टेलीविजन उदाहरण हैं :

(1) समूह संचार के
(2) अंतःवैयक्तिक संचार के
(3) अंतर-वैयक्तिक संचार के
(4) जनसंचार के

**17.** किस मानदंड के आधार पर संचार को 'अंतःवैयक्तिक', 'अंतर-वैयक्तिक', 'समूह' और 'जनसंचार' में वर्गीकृत किया जा सकता है ?

(1) संचार का माध्यम
(2) संचार में भाग लेने वालों की संख्या
(3) संचार का संदेश
(4) संचार का उद्देश्य

**18.** 'Circumlocution' as a barrier to communication refers to :

(1) Communicating through excessive use of technical jargon

(2) Using an unnecessarily roundabout way of expressing an idea instead of being direct

(3) A breakdown in communication caused by physical noise in the channel

(4) Withholding information deliberately to maintain power

**19.** A technical word interpreted differently by the sender and receiver illustrates :

(1) Physical barrier (2) Semantic barrier

(3) Mechanical barrier

(4) Physiological barrier

**20.** In an organization, communication that takes place between employees belonging to different departments at the same hierarchical level is known as :

(1) Vertical communication

(2) Horizontal communication

(3) Diagonal communication

(4) Upward communication

**21.** A shopkeeper takes 10% profit on his goods. He lost 20% of his goods during a theft. What is his loss percent ?

(1) 10% (2) 12%

(3) 8% (4) 14%

**22.** Next term of the following letter series is - AZBY, CWFT, ETJO, GQNJ, .......

(1) IOQE (2) INQF

(3) IORF (4) INRE

**23.** A is sister of B. F is daughter of G. C is mother of B. D is father of C. E is mother of D. A is related to D as :

(1) Granddaughter (2) Daughter

(3) Daughter-in-law (4) Sister

**24.** Next term of the following number series is - 21, 65, 121, 209, 321, 453, 621, ........

(1) 809 (2) 797

(3) 799 (4) 807

**18.** संचार में बाधा के रूप में "वाक्वैचित्र्य" (Circumlocution) का तात्पर्य है

(1) अत्यधिक तकनीकी विशिष्ट शब्दावली के प्रयोग से संचार करना ।

(2) किसी विचार को सीधे तरीके से व्यक्त करने के बजाए अनावश्यक रूप से घुमा-फिराकर व्यक्त करना ।

(3) संचार माध्यम में भौतिक शोर के कारण होने वाला अवरोध ।

(4) शक्ति बनाए रखने के लिए जानबूझकर सूचना को रोकना ।

**19.** कोई तकनीकी शब्द जिसे प्रेषक और प्राप्तकर्ता अलग-अलग अर्थों में समझते हैं, वह किसका उदाहरण होगा ?

(1) भौतिक बाधा (2) अर्थगत बाधा

(3) यांत्रिक बाधा (4) शारीरिक बाधा

**20.** किसी संगठन में समान पदानुक्रमीय स्तर पर स्थित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों के बीच होने वाला संचार क्या कहलाता है ?

(1) ऊर्ध्वाधर संचार (2) क्षैतिज संचार

(3) विकर्ण संचार (4) ऊर्ध्वगामी संचार

**21.** एक दुकानदार अपने सामान पर 10% का मुनाफा कमाता है । चोरी में उसका 20% सामान चला गया । उसका हानि प्रतिशत क्या है ?

(1) 10% (2) 12%

(3) 8% (4) 14%

**22.** निम्न वर्ण श्रेणी का अगला पद है - AZBY, CWFT, ETJO, GQNJ, .....

(1) IOQE (2) INQF

(3) IORF (4) INRE

**23.** A, B की बहन है । F, G की बेटी है । C, B की माँ है । D, C के पिता है । E, D की माँ है । A का D से क्या सम्बन्ध है ?

(1) पोती/नातिन (2) बेटी

(3) बहू (4) बहन

**24.** निम्न संख्या श्रेणी का अगला पद है – 21, 65, 121, 209, 321, 453, 621, .....

(1) 809 (2) 797

(3) 799 (4) 807

**25.** $\frac{1}{15}+\frac{1}{35}+\frac{1}{63}+\frac{1}{99}+\frac{1}{143}$ is equal to

(1) $\frac{8}{39}$
(2) $\frac{5}{39}$
(3) $\frac{7}{39}$
(4) $\frac{2}{39}$

**26.** Which of the codes given below contains only the correct statements ?
Statements :
(a) Venn diagram represents the arguments graphically.
(b) Venn diagram can enhance our understanding.
(c) Venn diagram may be called valid or invalid.
(d) Venn diagram is clear method of notation.

(1) (a), (b) and (c) only
(2) (a), (b) and (d) only
(3) (b), (c) and (d) only
(4) (a), (c) and (d) only

**27.** A horse ran 100 miles without stopping. What was the average speed in miles per hour ?
Statements :
I. The horse ran 20 miles per hour for the first 50 miles.
II. The entire journey starts from 8 pm on day one to 4 am the following day.
Select one of the answer choices given, whether the data given in the statements are sufficient for answering the question.

(1) Statement I alone is sufficient.
(2) Statement II alone is sufficient.
(3) Both statements I and II taken together are sufficient .
(4) None of the statement is sufficient.

**28.** "Planets are very large in size. Therefore, the atoms, from which they are formed, should be large enough." This inference commits which kind of fallacy ?

(1) Fallacy of ambiguity
(2) Fallacy of equivocation
(3) Fallacy of division
(4) Ad populum

**25.** $\frac{1}{15}+\frac{1}{35}+\frac{1}{63}+\frac{1}{99}+\frac{1}{143}$ बराबर है

(1) $\frac{8}{39}$
(2) $\frac{5}{39}$
(3) $\frac{7}{39}$
(4) $\frac{2}{39}$

**26.** नीचे दिए गए कूटों में से किसमें केवल सही कथन है ?
कथन :
(a) वेन आरेख तर्कों को ग्राफ के रूप में दिखाता है ।
(b) वेन आरेख हमारी समझ को बेहतर बना सकता है ।
(c) वेन आरेख को सही या गलत कहा जा सकता है ।
(d) वेन आरेख आकृतियों को दिखाने का एक स्पष्ट तरीका है ।

(1) केवल (a), (b) और (c)
(2) केवल (a), (b) और (d)
(3) केवल (b), (c) और (d)
(4) केवल (a), (c) और (d)

**27.** एक घोड़ा बिना रुके 100 मील दौड़ा । उसकी औसत गति मील प्रति घंटा में क्या थी ?
कथन
I. घोड़ा पहले 50 मील तक 20 मील प्रति घंटा की गति से दौड़ा ।
II. पूरी यात्रा पहले दिन रात 8 बजे शुरू हुई और अगले दिन सुबह 4 बजे खत्म हुई ।
दिये गये उत्तर विकल्पों में से चुनकर बतायें कि क्या कथनों में दी गयी जानकारी सवाल का जवाब देने के लिये काफी है ।

(1) सिर्फ कथन I काफी है ।
(2) सिर्फ कथन II काफी है ।
(3) कथन I और II मिलकर काफी हैं ।
(4) कोई भी कथन काफी नहीं है ।

**28.** “ग्रहों का आकार बहुत बड़ा है । इसलिये परमाणु, जिससे ये बने हैं, का आकार पर्याप्त बड़ा होना चाहिये ।” यह अनुमान किस प्रकार के हेत्वाभास को दिखाता है ?

(1) अस्पष्टता का हेत्वाभास
(2) शब्दार्थ-भ्रम का हेत्वाभास
(3) विभाजन का हेत्वाभास
(4) लोकप्रियता का तर्कदोष

**29.** Consider the statement and the following assumptions and decide which of the assumptions is implicit in the statement.
Statement : The new environmental law has been passed in our parliament with two-third majority.
Assumptions :
I : Protecting the environment has become a very important issue in our society.
II : This will absolve the government of its responsibility for any further damage to the environment.

(1) Only assumption I is implicit.
(2) Only assumption II is implicit.
(3) Both I and II are implicit.
(4) Neither I nor II is implicit.

**30.** Consider the following propositions :
A is human and mortal.
B is human and mortal.
C is human and mortal.
D is human and mortal.
Therefore, 'All humans are mortal' is an example of :

(1) Deductive argument
(2) Inductive argument
(3) Syllogistic argument
(4) None of these

**31.** Which of the following best describes the primary purpose of data governance in an organization ?

(1) Managing the complete life cycle of data, including storage, processing and disposal.
(2) Identifying key business entities and improving the quality of master data.
(3) Establishing processes, roles, policies, standards and responsibilities to ensure the effective and efficient use of data.
(4) Creating and maintaining data warehouses for business intelligence applications.

**32.** In qualitative data interpretation, data is often coded primarily to :

(1) Calculate the mean and standard deviation.
(2) Convert data into numerical values.
(3) Group and label data into identifiable themes.
(4) Perform regression analysis.

**29.** कथन और उसके बाद दी गई धारणाओं पर विचार करें और तय करें कि कौन सी धारणा कथन में निहित हैं ।
कथन : हमारी संसद में नया पर्यावरण कानून दो-तिहाई बहुमत से पारित किया गया है ।
धारणाएँ :
I : हमारे समाज में पर्यावरण की रक्षा करना एक बहुत महत्त्वपूर्ण मुद्दा बन गया है ।
II : इससे सरकार पर्यावरण को होने वाले किसी भी और नुकसान के लिये अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो जायेगी ।

(1) केवल धारणा I निहित है ।
(2) केवल धारणा II निहित है ।
(3) I और II दोनों निहित हैं ।
(4) न तो I और न ही II निहित है ।

**30.** निम्न तर्कवाक्यों पर विचार करें :
A इंसान है और नश्वर है ।
B इंसान है और नश्वर है ।
C इंसान है और नश्वर है ।
D इंसान है और नश्वर है ।
इसलिये, 'सभी इंसान नश्वर हैं ।' किसका उदाहरण है ?

(1) निगमनात्मक तर्क
(2) आगमनात्मक तर्क
(3) न्याय-वाक्य सम्बन्धी तर्क
(4) इनमें से कोई नहीं

**31.** निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प किसी संगठन में प्रदत्त शासन के प्रमुख उद्देश्य का सर्वोत्तम वर्णन करता है ?

(1) प्रदत्त के सम्पूर्ण जीवन-चक्र का प्रबन्धन करना, जिसमें उसका भंडारण, प्रसंस्करण तथा निपटान सम्मिलित हैं ।
(2) प्रमुख व्यावसायिक इकाइयों की पहचान करना तथा मूल प्रदत्त की गुणवत्ता में सुधार करना ।
(3) प्रदत्त के प्रभावी एवं दक्ष उपयोग को सुनिश्चित करने हेतु प्रक्रियाओं, भूमिकाओं, नीतियों, मानकों तथा उत्तरदायित्वों की स्थापना करना ।
(4) व्यावसायिक बुद्धिमत्ता अनुप्रयोगों के लिए प्रदत्त भंडारों का निर्माण एवं रखरखाव करना ।

**32.** गुणात्मक आँकड़ों की व्याख्या में आँकड़ों का कूटांकन मुख्यत: किस उद्देश्य से किया जाता है ?

(1) माध्य एवं मानक विचलन की गणना करने के लिए ।
(2) आँकड़ों को संख्यात्मक मानों में परिवर्तित करने के लिए ।
(3) आँकड़ों को पहचान योग्य विषय-वस्तुओं के आधार पर समूहबद्ध एवं नामांकित करने के लिए ।
(4) प्रतिगमन विश्लेषण करने के लिए

**33.** Study the following graph carefully and answer the given question. The graph consists of data about the number of vehicles produced by companies X & Y over the years.
In which of the following years, the difference between the productions of companies X & Y was the maximum ?




(1) 2010 (2) 2008
(3) 2007 (4) 2009

**34.** The bar graph consists of data on number of students passed (in thousands) from two universities A and B in the years 2003 to 2008. Study the bar graph given below and answer the following question :
What is difference between the total number of students passed from both the universities together in 2007 and the total number of students passed from both the universities together in year 2005 ?




(1) 20000 (2) 30000
(3) 60000 (4) 70000

**33.** नीचे दिए गए ग्राफ को ध्यान से देखें और पूछे गये सवाल का जवाब दें । यह ग्राफ X और Y दो कंपनियों द्वारा विभिन्न वर्षों में बनाए गए वाहनों की संख्या के बारे में जानकारी देता है ।
इनमें से किस साल में कंपनी X और Y के उत्पादन के बीच का अन्तर सबसे अधिक था ?




(1) 2010 (2) 2008
(3) 2007 (4) 2009

**34.** बार आरेख में 2003 से 2008 तक के वर्षों में दो विश्वविद्यालयों A और B से उत्तीर्ण छात्रों की संख्या (हज़ारों में) का आँकड़ा दिया गया है । नीचे दिए गए बार आरेख का अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें :
वर्ष 2007 में दोनों विश्वविद्यालयों से मिलाकर उत्तीर्ण छात्रों की कुल संख्या और वर्ष 2005 में दोनों विश्वविद्यालयों से मिलाकर उत्तीर्ण छात्रों की कुल संख्या के बीच कितना अन्तर था ?




(1) 20000 (2) 30000
(3) 60000 (4) 70000

**35.** The following table presents data on the number of vehicles of three types (A, B and C) produced by a company over seven years, from 2012 to 2018. Based on data in table, answer the question given below :

The number of A type vehicles produced in the year 2014 was what percent of the number of C type of vehicles produced in the year 2016 ?

| Year | A Type | B Type | C Type |
|---|---|---|---|
| 2012 | 5,000 | 20,000 | 15,000 |
| 2013 | 15,000 | 10,000 | 22,500 |
| 2014 | 10,000 | 15,000 | 30,000 |
| 2015 | 17,500 | 15,000 | 23,000 |
| 2016 | 25,000 | 20,000 | 15,000 |
| 2017 | 13,000 | 25,000 | 20,000 |
| 2018 | 30,000 | 35,000 | 25,000 |

(1) Approximately 33.33%
(2) Approximately 66.67%
(3) Approximately 50.25%
(4) Approximately 15.63%

**36.** The primary purpose of the National Academic Depository is
(1) To host video lectures for university students.
(2) To provide Massive Open Online Courses (MOOCs).
(3) To facilitate the digital storage and verification of academic degrees.
(4) To provide funds for the research projects.

**37.** The objective of Digital India Mission is :
(1) To transform India into a digitally empowered society and knowledge economy.
(2) To promote industries.
(3) To develop agricultural field.
(4) To enhance the physical infrastructure.

**38.** Which layer of OSI reference model establishes the route between the sending and receiving stations ?
(1) Network layer (2) Data link layer
(3) Transport layer (4) Physical layer

**35.** निम्नलिखित तालिका में एक कंपनी द्वारा सात वर्षों 2012 से 2018 तक, तीन प्रकार के वाहनों (A, B और C) के उत्पादन की संख्या के बारे में आँकड़ा प्रस्तुत किया गया है। तालिका में दिए गए आँकड़ों के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें :

वर्ष 2014 में बनी A प्रकार के वाहनों की संख्या, वर्ष 2016 में बनी C प्रकार के वाहनों की संख्या का कितना प्रतिशत थी ?

| वर्ष | A प्रकार | B प्रकार | C प्रकार |
|---|---|---|---|
| 2012 | 5,000 | 20,000 | 15,000 |
| 2013 | 15,000 | 10,000 | 22,500 |
| 2014 | 10,000 | 15,000 | 30,000 |
| 2015 | 17,500 | 15,000 | 23,000 |
| 2016 | 25,000 | 20,000 | 15,000 |
| 2017 | 13,000 | 25,000 | 20,000 |
| 2018 | 30,000 | 35,000 | 25,000 |

(1) लगभग 33.33% (2) लगभग 66.67%
(3) लगभग 50.25% (4) लगभग 15.63%

**36.** नेशनल एकेडेमिक डिपोजिटरी का मूल उद्देश्य क्या है ?
(1) विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए वीडियो लेक्चर (दृश्य-श्रव्य व्याख्यान) आयोजित/उपलब्ध करवाना।
(2) वृहद् मुक्त ऑनलाइन पाठ्यक्रम (MOOCs) उपलब्ध करवाना।
(3) शैक्षणिक उपाधियों के डिजिटल भंडारण एवम् सत्यापन को सुगम बनाना।
(4) शोध परियोजनाओं (रिसर्च प्रोजेक्ट) के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाना।

**37.** डिजिटल इंडिया मिशन का उद्देश्य क्या है ?
(1) भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज एवम् ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में परिवर्तित करना।
(2) उद्योगों को बढ़ावा देना।
(3) कृषि क्षेत्र का विकास करना।
(4) भौतिक अवसंरचना (फीजिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर) को मजबूत बनाना।

**38.** ओ.एस.आई. संदर्भ मॉडल की कौन सी परत (लेयर) प्रेषक और प्राप्तकर्ता स्टेशनों के बीच पथ (रूट) का निर्धारण करती है ?
(1) नेटवर्क परत (2) डेटा लिंक परत
(3) ट्रांसपोर्ट परत
(4) भौतिक (फीजिकल) परत

**39.** Which protocol is used for remote login ?

(1) HTTP (2) FTP
(3) SMTP (4) Telnet

**40.** Which of the following is a unique 12 digit identification number linked to the Academic Bank of Credits (ABC) ?

(1) Aadhar (2) APAAR
(3) ISSN (4) IMEI

**41.** What is key conceptual difference between the Millennium Development Goals (MDGs) and Sustainable Development Goals (SDGs) ?

(1) MDGs focused only on environmental issues, while SDGs focus only on economic issues.
(2) MDGs were universal while SDGs apply only to developing countries.
(3) Compared with MDGs, the SDGs integrate economic, social and environmental dimensions of development more comprehensively.
(4) MDGs included more objectives and targets than SDGs.

**42.** Excessive application of Nitrogen-rich fertilizers is most commonly associated with which of the following environmental impacts ?

(1) Increased soil salinity.
(2) Eutrophication and acceleration in soil acidification.
(3) Eutrophication and acceleration in soil basicity.
(4) Both Increased soil salinity & Eutrophication and acceleration in soil acidification.

**43.** According to India's National Forest Policy (1988), what proportion of total geographical area of country's hilly and mountainous region should be maintained under forest and tree cover ?

(1) One-third of such area
(2) One-fourth of such area
(3) Two-fifth of such area
(4) Two-third of such area

**39.** कौन सा प्रोटोकॉल दूरस्थ लॉगिन (रिमोट लॉगिन) के काम आता है ?

(1) HTTP (2) FTP
(3) SMTP (4) Telnet

**40.** एकेडेमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (ABC) से संबद्ध 12 अंक की अनन्य परिचायक संख्या (यूनिक आइडेंटिटी नंबर) है :

(1) आधार (2) अपार
(3) आई.एस.एस.एन. (4) आई.एम.ई.आई.

**41.** सहस्राब्दी विकास लक्ष्यों (MDGs) तथा सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) के मध्य मुख्य वैचारिक अंतर क्या है ?

(1) MDGs केवल पर्यावरणीय विषयों पर केन्द्रित थे, जबकि SDGs केवल आर्थिक विषयों पर केन्द्रित हैं।
(2) MDGs सार्वभौमिक थे, जबकि SDGs केवल विकासशील देशों पर लागू होते हैं।
(3) MDGs की तुलना में SDGs विकास के आर्थिक, सामाजिक तथा पर्यावरणीय आयामों को अधिक व्यापक रूप से एकीकृत करते हैं।
(4) MDGs में SDGs की तुलना में अधिक उद्देश्य एवं लक्ष्य शामिल थे।

**42.** नाइट्रोजन-समृद्ध उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग सामान्यतः निम्नलिखित में से किस पर्यावरणीय परिणाम से सर्वाधिक संबंधित है ?

(1) मृदा लवणता में बढ़ोतरी।
(2) सुपोषणता एवं मृदा अम्लीकरण त्वरण।
(3) सुपोषणता एवं मृदा क्षारकता त्वरण।
(4) दोनों मृदा लवणता में बढ़ोतरी एवं सुपोषणता एवं मृदा अम्लीकरण त्वरण।

**43.** भारत की राष्ट्रीय वन नीति (1988) के अनुसार, देश के पर्वतीय एवं पहाड़ी क्षेत्रों के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का कितना भाग वन एवं वृक्ष आवरण के अंतर्गत बनाये रखा जाना चाहिए ?

(1) ऐसे क्षेत्रफल का एक-तिहाई
(2) ऐसे क्षेत्रफल का एक-चौथाई
(3) ऐसे क्षेत्रफल का दो-पंचमांश
(4) ऐसे क्षेत्रफल का दो-तिहाई

**44.** Which of the following groups of gases is NOT strictly a group of greenhouse gases ?

(1) Carbon dioxide ($CO_2$), Nitrous oxide ($N_2O$), Methane ($CH_4$)

(2) Carbon monoxide (CO), Carbon dioxide ($CO_2$), Methane ($CH_4$)

(3) Carbon dioxide ($CO_2$), Ozone ($O_3$), Methane ($CH_4$)

(4) Water vapour ($H_2O$), Carbon dioxide ($CO_2$), Methane ($CH_4$)

**44.** निम्नलिखित में से कौन सा गैसों का समूह पूर्णतः ग्रीनहाउस गैसों का समूह नहीं है ?

(1) कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$), नाइट्रस ऑक्साइड ($N_2O$), मीथेन ($CH_4$)

(2) कार्बन मोनोऑक्साइड (CO), कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$), मीथेन ($CH_4$)

(3) कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$), ओजोन ($O_3$), मीथेन ($CH_4$)

(4) जल वाष्प ($H_2O$), कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$), मीथेन ($CH_4$)

**45.** Which of the following sequences correctly represents the chronological order of the standard disaster management cycle phases as recognized by the National Disaster Management Authority (NDMA), Government of India ?

(1) Mitigation → Preparedness → Response → Recovery

(2) Recovery → Mitigation → Response → Preparedness

(3) Response → Mitigation → Recovery → Preparedness

(4) Preparedness → Recovery → Mitigation → Response

**45.** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA), भारत सरकार द्वारा मान्यता-प्राप्त मानक आपदा प्रबंधन चक्र के चरणों के सही कालानुक्रमिक क्रम को निम्नलिखित में से कौन सा अनुक्रम दर्शाता है ?

(1) शमन → तत्परता → अनुक्रिया → पुनर्प्राप्ति

(2) पुनर्प्राप्ति → शमन → अनुक्रिया → तत्परता

(3) अनुक्रिया → शमन → पुनर्प्राप्ति → तत्परता

(4) तत्परता → पुनर्प्राप्ति → शमन → अनुक्रिया

**46.** Which of the following organizations is working for Indianization of education ?

(1) Smile foundation (2) Nanhi Kali

(3) Bhartiya Shikshan Mandal

(4) Rupayan Sansthan, Borunda

**46.** निम्नलिखित में से कौन सा संगठन शिक्षा के भारतीयकरण के लिए कार्यरत है ?

(1) स्माइल फाउंडेशन (2) नन्ही कली

(3) भारतीय शिक्षण मंडल (4) रूपायन संस्थान, बोरुंदा

**47.** Which of the following is an ancient language typically studied under oriental learning institution in India ?

(1) Mojo (2) Prakrit

(3) Verse (4) Carbon

**47.** निम्नलिखित में से कौन सी एक पुरातन भाषा है, जिसका अध्ययन सामान्यतः भारत के प्राच्य शिक्षा (ओरिएन्टल लर्निंग) संस्थानों में किया जाता है ?

(1) मोजो (Mojo) (2) प्राकृत (Prakrit)

(3) वर्स (Verse) (4) कार्बन (Carbon)

**48.** Which is a national skill certification scheme aimed at making India's youth job ready ?

(1) PMJDY (2) PMKVY

(3) PMJAY (4) PMSBY

**48.** कौन सी राष्ट्रीय कौशल प्रमाणन योजना भारत के युवाओं को रोज़गार के लिए तैयार करती है ?

(1) पीएमजेडीवाई (2) पीएमकेवीवाई

(3) पीएमजेएवाई (4) पीएमएसबीवाई

**49.** The PM Shri Narendra Modi urged to revive which old Indian tradition in the 135th episode of Mann Ki Baat ?

(1) Ashwamedha (2) Jatkarma

(3) Rajyabhishek (4) Shastrartha

**49.** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात के 135वें संस्करण में किस भारतीय पुरातन पद्धति के पुनरुत्थान की बात कही ?

(1) अश्वमेध (2) जातकर्म

(3) राज्याभिषेक (4) शास्त्रार्थ

**50.** Grammarian Panini was associated with :

(1) Nalanda
(2) Vikramshila
(3) Takshashila
(4) Odantpuri

**50.** वैयाकरण पाणिनि किस विश्वविद्यालय से जुड़े थे ?

(1) नालंदा
(2) विक्रमशिला
(3) तक्षशिला
(4) उदंतपुरी

## Part-II / भाग-II

51. "Jurisprudence is the lawyer's extra version. It is the lawyer's examination of the precepts, ideals and techniques of the law in the light derived from present knowledge in disciplines other than the law."
Who has given the above definition of jurisprudence out of the following jurists ?
(1) Salmond
(2) Julius Stone
(3) G.W. Paton
(4) Austin

52. Who gave the following statement ?
"for men, when perfected, is the best of animals but when separated from law and justice he is the worst of all."
(1) Aristotle
(2) Socrates
(3) Plato
(4) Grotius

53. Which of the following is not the essential of a legal right ?
(1) To avail the legal right there must be a person who is the owner of the right.
(2) A legal right may accrue against another person or persons who are not under a corresponding duty to respect that right.
(3) There should be the object of the right.
(4) There should be the title of the legal right.

54. Which one of the following is not a legal person ?
(1) Prime Minister of India
(2) State of Bihar
(3) Hindustan Zinc Ltd.
(4) Union Public Service Commission

55. The doctrine of "stare decisis" has been recognized by the Constitution of India under :
(1) Article 141
(2) Article 133
(3) Article 136
(4) Article 13(3)

51. "विधिशास्त्र विधिवेत्ता की बाह्य दर्शिता है । यह विधिवेत्ता के विधि से इतर विधाओं के समकालीन ज्ञान के प्रकाश में विधि के सूत्र-वाक्यों, आदर्शों और पद्धतियों का परीक्षण है ।"
निम्नलिखित विधिशास्त्रियों में से किसने विधिशास्त्र की उपरोक्त परिभाषा दी है ?
(1) सामण्ड
(2) जुलियस स्टोन
(3) जी.डब्ल्यू. पेटन
(4) ऑस्टिन

52. निम्न कथन किसका है ?
"मनुष्य सुसंस्कृत होने पर प्राणियों में सर्वश्रेष्ठ होता है परन्तु जब वह विधि व न्याय से विमुख होता है तो सबसे भयंकर बन जाता है ।"
(1) अरस्तू
(2) सुकरात
(3) प्लेटो
(4) ग्रोशियस

53. निम्नलिखित में से कौन सा विधिक अधिकार का आवश्यक तत्त्व नहीं है ?
(1) अधिकार का उपभोग करने के लिए एक व्यक्ति होना चाहिये जो अधिकार का स्वामी हो ।
(2) विधिक अधिकार अन्य व्यक्ति या व्यक्तियों के विरुद्ध प्राप्त होता है जिनके ऊपर सहवर्ती कर्त्तव्य नहीं होता है कि वे उस अधिकार का आदर करें ।
(3) अधिकार की विषय-वस्तु होनी चाहिये ।
(4) विधिक अधिकार का स्वत्व (title) होना चाहिये ।

54. निम्नलिखित में से कौन एक विधिक व्यक्ति नहीं है ?
(1) भारत का प्रधानमंत्री
(2) बिहार राज्य
(3) हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड
(4) संघ लोक सेवा आयोग

55. "निर्णीतानुसरण" (stare decisis) का सिद्धान्त भारत के संविधान द्वारा मान्यता-प्राप्त है :
(1) अनुच्छेद 141 के अन्तर्गत
(2) अनुच्छेद 133 के अन्तर्गत
(3) अनुच्छेद 136 के अन्तर्गत
(4) अनुच्छेद 13(3) के अन्तर्गत

**56.** Which one of the following is not the essential element of "ownership" ?

(1) It is indefinite in point of user.
(2) It is unrestricted in point of disposition.
(3) The owner has a right to possess the thing which he owns.
(4) Generally, the owner has no right to destroy or alienate the thing which he owns.

**57.** Who amongst the following defines possession as "Possession is the present control of a thing on one's own behalf and to the exclusion of all others" ?

(1) Prof. Tay
(2) Prof. Saviegny
(3) Chipman Gray
(4) Holms

**58.** Which of the following case is related to the maxim "Injuria sine damnum" ?

(1) Stevens vs. Midland Counties Railway Company
(2) Rylands vs. Fletcher
(3) Ashby vs. White
(4) Srinivas Mall Baironia vs. Emperor

**59.** "Law is the highest reason, implanted in nature, which commands what ought to be done and forbids the opposite." This definition of law has been given by :

(1) Justinian
(2) Aristotle
(3) Plato
(4) Cicero

**60.** The American Realist Movement is a combination of the :

(1) Analytical positivist and Historical approach
(2) Historical approach and Sociological approach
(3) Analytical positivist and Sociological approach
(4) Analytical and Modern Realism

**56.** निम्नलिखित में से कौन सा "स्वामित्व" का मर्मभूत तत्त्व नहीं है ?

(1) स्वामित्व में उपयोग की दृष्टि से अनिश्चितता है ।
(2) स्वामित्व व्ययन की दृष्टि से अनिर्बन्धित है ।
(3) वस्तु का स्वामी उस वस्तु पर अपना कब्जा रखता है ।
(4) सामान्यत: स्वामी को यह अधिकार नहीं है कि वह उसके स्वामित्व की वस्तु को नष्ट करे या अन्यसंक्रान्त (alienate) करे ।

**57.** निम्न में से किसने कब्जा को इस प्रकार परिभाषित किया है – "एक वस्तु का अपने स्वयं की तरफ से और अन्य सभी लोगों के अपवर्जन में वर्तमान नियंत्रण है" ?

(1) प्रो. टे
(2) प्रो. सेविनी
(3) चिपमैन ग्रे
(4) होम्स

**58.** निम्नलिखित में से कौन सा वाद "बिना हानि के क्षति" सूत्र से सम्बन्धित है ?

(1) स्टीवेन्स बनाम मिडलैण्ड काउन्टीज रेलवे कम्पनी
(2) राइलैण्ड्स बनाम फ्लेचर
(3) ऐशबी बनाम व्हाइट
(4) श्रीनिवास मल बेरोनिया बनाम एम्परर

**59.** "विधि प्रकृति में समाविष्ट करने का उच्चतम प्रयोजन है, यह अनुदेशित करती है कि क्या किया जाना चाहिये और साथ ही निषेध द्वारा बुरे कर्मों से विरत करती है ।" विधि की यह परिभाषा दी गई है :

(1) जस्टीनियन द्वारा
(2) अरिस्टोटल द्वारा
(3) प्लेटो द्वारा
(4) सिसरो द्वारा

**60.** अमेरिकन यथार्थवादी आन्दोलन मिश्रण है :

(1) वैश्लेषिक प्रत्यक्षवादी और ऐतिहासिक दृष्टिकोण का
(2) ऐतिहासिक दृष्टिकोण और सामाजिक दृष्टिकोण का
(3) वैश्लेषिक प्रत्यक्षवादी और सामाजिक दृष्टिकोण का
(4) विश्लेषी और आधुनिक यथार्थवाद का

**61.** Harmony and balance between Fundamental Rights and Directive Principles of State Policy (DPSP) is a basic feature of the Constitution. To give primacy to one over the other is to disturb the harmony. This essentiality was laid down in case of :

(1) Sajjan Singh Vs. State of Rajasthan, AIR 1965 SC 845

(2) Minerva Mills Ltd. Vs. Union of India, (1980) 3 SCC 625

(3) I.C. Golaknath Vs. State of Punjab, AIR 1967 SC 1643

(4) Kesavanand Bharti Vs. State of Kerala, AIR 1973 SC 1461

**61.** मूल अधिकार और राज्य नीति के निदेशक तत्त्वों के बीच समन्वय और संतुलन संविधान का आधारिक लक्षण है । यदि इनमें से किसी एक को दूसरे पर प्राथमिकता दी जाती तो इससे समन्वय समाप्त होगा । इस आवश्यकता की घोषणा की गई थी :

(1) सज्जनसिंह बनाम स्टेट ऑफ राजस्थान, AIR 1965 SC 845 के वाद में

(2) मिनर्वा मिल्स लि. बनाम यूनियन ऑफ इंडिया, (1980) 3 SCC 625 के वाद में

(3) आई.सी. गोलकनाथ बनाम स्टेट ऑफ पंजाब, AIR 1967 SC 1643 के वाद में

(4) केशवानन्द भारती बनाम स्टेट ऑफ केरल, AIR 1973 SC 1461 के वाद में

**62.** Which of the following provisions of the Constitution does not require a special majority to be amended by the Parliament ?

i. Article 55
ii. Article 21
iii. Chapter 1 of Part XI
iv. Schedule 7
v. Schedule 9
vi. Chapter 5 of the Part VI
vii. Article 19
viii. Article 368

(1) i, ii, iii, iv (2) ii, iv, vii, vi, viii

(3) i, iii, iv, v, vi, vii, viii (4) i, iii, iv, vi, viii

**62.** निम्नांकित सांविधानिक प्रावधानों में से कौन से प्रावधान संसद द्वारा संशोधन हेतु विशेष बहुमत की आवश्यकता नहीं रखते हैं ?

i. अनुच्छेद 55
ii. अनुच्छेद 21
iii. अध्याय-1, भाग XI
iv. अनुसूची 7
v. अनुसूची 9
vi. अध्याय - 5, भाग VI
vii. अनुच्छेद 19
viii. अनुच्छेद 368

(1) i, ii, iii, iv (2) ii, iv, vii, vi, viii

(3) i, iii, iv, v, vi, vii, viii (4) i, iii, iv, vi, viii

**63.** Article 123 of the Constitution of India confers on the President the ordinance making power, which can not be promulgated by the President when :

(1) House of the people is in session.

(2) Council of States is in session.

(3) Both the Houses of Parliament are in session.

(4) Both the Houses of Parliament are not in session.

**63.** भारत के संविधान का अनुच्छेद 123 राष्ट्रपति को अध्यादेश द्वारा विधान बनाने की शक्ति देता है, जिसे राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित नहीं किया जा सकता, जबकि

(1) लोक सभा सत्र में हो । (2) राज्य सभा सत्र में हो ।

(3) संसद के दोनों सदन सत्र में हों ।

(4) संसद के दोनों सदन सत्र में नहीं हों ।

**64.** The State of Karnataka was recently given a position in special provision under part XXI of the Constitution (by 98th Amendment) by addition of :

(1) Article 371 H (2) Article 371 I

(3) Article 371 J (4) Article 371 K

**64.** हाल ही में कर्नाटक राज्य को संविधान के भाग XXI में किस अनुच्छेद को जोड़कर (98वाँ संशोधन द्वारा) विशेष दर्जा दिया गया है ?

(1) अनुच्छेद 371 H (2) अनुच्छेद 371 I

(3) अनुच्छेद 371 J (4) अनुच्छेद 371 K

**65.** The Constitution of India, originally mentioned "internal disturbance" as a third ground which empowered the President to make a proclamation of emergency. But later on the Constitution was amended by the _______ to substitute "armed rebellion" in place of "internal disturbance" with effect from 20th June, 1979 :

(1) 38th Amendment Act, 1975
(2) 49th Amendment Act, 1988
(3) 44th Amendment Act, 1978
(4) 46th Amendment Act, 1982

**65.** आरंभ में संविधान में "आभ्यन्तरिक अशांति" को तीसरा आधार बनाया गया था जो कि राष्ट्रपति को आपातकाल की घोषणा करने का अधिकार देता है । परन्तु उसके पश्चात् संविधान के ______ द्वारा 20-6-1979 से "आभ्यंतरिक अशांति" के स्थान पर "सशस्त्र विद्रोह" शब्द रखे गये ।

(1) अड़तीसवें संशोधन अधिनियम, 1975 द्वारा
(2) उनचासवें संशोधन अधिनियम, 1988 द्वारा
(3) चवालिसवें संशोधन अधिनियम, 1978 द्वारा
(4) छियालिसवें संशोधन अधिनियम, 1982 द्वारा

**66.** Which of the following provisions to ensure independence of the Election Commission is not correct ?

(1) The conditions of service of a Commissioner shall not be varied to his disadvantage after his appointment.
(2) The Election Commissioner shall not be removed from office except on the recommendation of the Chief Election Commissioner.
(3) The appointment of Election Commissioner is based on pleasure.
(4) The appointment of Election Commissioner is for a term of 6 years or till the age of 65 years whichever is earlier.

**66.** निम्नलिखित में से कौन सा उपबंध चुनाव आयोग की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए सही नहीं है ?

(1) आयुक्त की सेवा की शर्तों में उसकी नियुक्ति के पश्चात् उसके लिए अलाभकारी परिवर्तन नहीं किया जायेगा ।
(2) किसी निर्वाचन आयुक्त को अपने पद से मुख्य निर्वाचन आयुक्त की सिफारिश के बिना नहीं हटाया जायेगा ।
(3) निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति प्रसाद पर आधारित है ।
(4) चुनाव आयुक्त की नियुक्ति छह वर्ष की अवधि के लिये या 65 वर्ष की आयु तक के लिए होती है, इनमें से जो भी पहले हो ।

**67.** Principle of natural justice is not applicable in case of :

(1) Dismissal of a Vice-Chancellor
(2) Where the principles of natural justice have been excluded by an express provision of the Act.
(3) Selection of candidates by a Public Service Commission.
(4) Impounding a passport

**67.** नैसर्गिक न्याय का सिद्धान्त लागू नहीं होगा :

(1) कुलपति को पदच्युत करने के मामले में
(2) अधिनियम में अभिव्यक्त उपबंध के द्वारा नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त अपवर्जित कर दिये गये हैं, के मामले में
(3) लोक सेवा आयोग द्वारा अभ्यर्थी के चयन के मामले में
(4) पासपोर्ट परिबद्ध करने के मामले में

**68.** Which of the following schedules reflects the doctrine of separation of powers ?

(1) Schedule 8 (2) Schedule 7
(3) Schedule 6 (4) Schedule 5

**68.** निम्न अनुसूचियों में से कौन सी अनुसूची शक्ति पृथक्करण के सिद्धांत को प्रदर्शित करती है ?

(1) अनुसूची 8 (2) अनुसूची 7
(3) अनुसूची 6 (4) अनुसूची 5

**69.** "Administrative Law is a branch of public law which is concerned with the composition, powers, duties, rights and liabilities of the various organs of Government which are engaged on administration."
Who of the following jurists has given the above definition of "Administrative Law" ?

(1) Dicey (2) Ivor Jenning
(3) H.W.R. Wade (4) Wade and Philips

**70.** The Constitution of India confers an inherent power of judicial review on the courts to declare the law or an act void if it infringes a fundamental rights. Such powers have been given :

(1) Under Article 13 (2) Under Article 32
(3) Under Article 226 (4) Under all of these

**71.** "International Law is the body of rules which are legally binding on states in their intercourse with each other. These rules are primary those which govern the relation of States, but the States are not the only subjects of International Law. International organisations, and to some extent also individuals may be subjects of rights conferred and duties imposed by International Law."
Who among the following International Jurists have given the aforesaid definition ?

(1) Starke (2) Oppenheim
(3) Schwarzenberger (4) Grotius

**72.** Which of the following treaties/pact is also known as 'Pact of Paris' ?

(1) Kellogg-Briand Pact, 1928
(2) Molotov-Ribbentrop Pact, 1939
(3) Paris Agreement, 2015
(4) Paris Declaration, 1856

**69.** "प्रशासनिक विधि लोक विधि की एक शाखा है, जो प्रशासन में लगे हुए सरकार के विभिन्न अंगों के गठन, शक्तियों, कर्त्तव्यों, अधिकारों और दायित्वों से सम्बन्धित है ।"
निम्नलिखित में से किस विधिशास्त्री ने "प्रशासनिक विधि" की उपरोक्त परिभाषा दी है ?

(1) डायसी (2) आइवर जेनिंग
(3) एच.डब्ल्यू.आर. वेड (4) वेड एण्ड फिलिप्स

**70.** ऐसे कार्य या विधि जो मूल अधिकारों का अतिलंघन करते हैं, भारत का संविधान उन्हें न्यायिक पुनर्विलोकन द्वारा शून्य घोषित करने की अंतर्निहित शक्ति न्यायालयों को प्रदान करता है । ऐसी शक्ति दी गई है :

(1) अनुच्छेद 13 के अन्तर्गत
(2) अनुच्छेद 32 के अन्तर्गत
(3) अनुच्छेद 226 के अन्तर्गत
(4) इन सभी के अन्तर्गत

**71.** "अन्तर्राष्ट्रीय विधि नियमों का वह समूह है जो राज्यों पर उनके पारस्परिक सम्बन्धों में विधितः बाध्यकर है । ये नियम प्राथमिक रूप से वे नियम हैं जो राज्यों के सम्बन्ध को सम्मिलित करते हैं, किन्तु केवल राज्य ही अन्तर्राष्ट्रीय विधि के विषय नहीं हैं । अन्तर्राष्ट्रीय संगठन तथा कुछ सीमा तक व्यक्ति भी अन्तर्राष्ट्रीय विधि द्वारा प्रदत्त अधिकारों एवं अधिरोपित कर्त्तव्य के विषय हो सकते हैं ।"
अन्तर्राष्ट्रीय विधि की उक्त परिभाषा किस अन्तर्राष्ट्रीय विधिवेत्ता द्वारा दी गई है ?

(1) स्टार्क (2) ओपेनहाइम
(3) स्वार्जनबर्गर (4) ग्रोशियस

**72.** निम्नलिखित संधियों/पैक्ट में कौन सी "पैक्ट ऑफ पेरिस" के नाम से भी जानी जाती है ?

(1) केलॉग-ब्राएण्ड पैक्ट, 1928
(2) मोलोटोव-रिबनट्रॉप पैक्ट, 1939
(3) पेरिस एग्रीमेंट, 2015 (4) पेरिस घोषणा, 1856

**73.** Which one of the following statements is incorrect relating to de facto and de jure recognition of the states ?

(1) De facto recognition is provisional which may be withdrawn but de jure recognition cannot be withdrawn.

(2) Full diplomatic relations can be established in both de jure and de facto recognition.

(3) Full diplomatic immunities are not granted to the representatives of the de facto recognized State but the representatives of the de jure recognized States are granted such immunities.

(4) De jure recognized State can claim to receive the State property situated in the territory of recognizing State, while de facto recognized State cannot make such claim.

**74.** Which one of the following is not the principal organ of the United Nations Organisation ?

(1) Secretariat (2) World Bank

(3) The General Assembly

(4) International Court of Justice

**75.** The appropriate definition of "Internally Displaced Persons" (IDPs) as per the International Law is :

(1) The persons who have been displaced from one area to another within the borders of their own country.

(2) Who have been displaced from the borders of their own country to other friendly alien state.

(3) The persons who leave their states in which they have permanent residence to escape prosecution or military action.

(4) The persons who have been forced to flee their homes suddenly and unexpectedly in large numbers as a result of armed conflict, internal strife, systematic violation of human rights or natural or man-made disaster.

**76.** Which of the following is not a mode to lose nationality ?

(1) Renunciation (2) Substitution

(3) Subjugation (4) Deprivation

**73.** राज्यों की वस्तुत: मान्यता और विधित: मान्यता के सम्बन्ध में निम्न कथनों में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) वस्तुत: मान्यता केवल अन्तरिम होती है और वापस ली जा सकती है जबकि विधित: मान्यता अन्तिम होती है और वापस नहीं ली जा सकती ।

(2) विधित: मान्यता और वस्तुत: मान्यता दोनों में ही पूर्ण राजनयिक सम्बन्ध स्थापित किये जा सकते हैं ।

(3) वस्तुत: मान्यता प्राप्त राज्य के प्रतिनिधियों को मान्यता प्राप्त करने वाले राज्य के राज्यक्षेत्र के अन्तर्गत राजनयिक उन्मुक्तियाँ प्रदान नहीं की जातीं जबकि विधित: मान्यता प्राप्त राज्य के प्रतिनिधियों को ऐसी उन्मुक्तियाँ प्रदान की जाती हैं ।

(4) विधित: मान्यता प्राप्त राज्य, मान्यता प्रदान करने वाले राज्य के राज्यक्षेत्र में स्थित सम्पत्ति प्राप्त करने का दावा कर सकते हैं, जबकि वस्तुत: मान्यता प्राप्त राज्य ऐसा दावा नहीं कर सकते ।

**74.** निम्नलिखित में से कौन संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्य अंग नहीं है ?

(1) सचिवालय (2) विश्व बैंक

(3) महासभा (4) अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय

**75.** अन्तर्राष्ट्रीय विधि के अनुसार, "आन्तरिक विस्थापित व्यक्ति" (IDPs) की उपयुक्त परिभाषा से तात्पर्य है –

(1) ऐसे व्यक्ति जो अपने ही देश की सीमाओं के भीतर एक क्षेत्र से अन्यत्र विस्थापित किये जाते हैं ।

(2) ऐसे व्यक्ति जो अपने देश की सीमाओं से अन्यत्र दूसरे मित्र-देशों में विस्थापित हुए हैं ।

(3) ऐसे व्यक्ति जो अपने राज्य के स्थायी निवासी हैं जो अपने राज्य से अभियोजन या सैनिक कृत्य के कारण निकल भागे हैं ।

(4) सशस्त्र संघर्ष, आन्तरिक दुर्व्यापार, मानवीय अधिकारों पर सुनियोजित अतिक्रमण या नैसर्गिक अथवा मानव निर्मित आपदा के फलस्वरूप, ऐसे व्यक्ति जो अधिक संख्या में अपने घरों से अकस्मात और अप्रत्याशित रूप से भागने को विवश हुए हैं ।

**76.** निम्नांकित में से कौन सा राष्ट्रीयता खोने का तरीका नहीं है ?

(1) परित्याग (2) स्थानापन्न

(3) अधीनकरण (4) वंचन द्वारा

**77.** The extra-judicial peaceful means for the settlement of international disputes are :

(1) Negotiation (2) Conciliation
(3) Inquiry (4) All of these

**78.** A criminal is extradited to the requesting state because of some reasons. Which of the following reason is not related to it ?

(1) Extradition is a process towards the suppression of crime.
(2) Extradition has no deterrent effect.
(3) Extraction is based on reciprocity.
(4) Criminals are surrendered as it safeguards the interest of Territorial State.

**79.** Which of the following is the most extreme form of Dispute Settlement ?

(1) Retorsion (2) Blockade
(3) Intervention (4) Reprisal

**80.** All protocols and treaties which conforms the International Humanitarian Law are applicable and binding on the States in case if :

(1) All the States which are parties of the related treaty.
(2) All the States which are not parties to the treaty but have given their consent.
(3) All the States irrespective of ratification by the States if conclusion is drawn that they have acquired the status of customary rule of the International Law.
(4) All of these

**81.** Consider the following statements :
Mens rea is not an essential ingredient in :
i. Cases not criminal in any real sense but which in public interest are prohibited under a penalty.
ii. Public Nuisance
iii. Cases criminal in form but which are really a summary mode of enforcing a civil right.
iv. Cases relating to statutory offence unless the statute expressly or by necessary implication excludes mens rea.
Which of the statements given above are correct out of the following ?

(1) i, ii and iii (2) i, ii and iv
(3) ii, iii and iv (4) i, iii and iv

**77.** अन्तर्राष्ट्रीय विवादों के निपटारे हेतु अतिरिक्त न्यायिक शान्तिपूर्ण उपाय हैं

(1) वार्ता या बातचीत (2) सुलह
(3) जाँच (4) यह सभी

**78.** एक अपराधी का प्रत्यर्पण अनुरोध करने वाले देश को कतिपय कारणों से किया जाता है । निम्न में से कौन सा कारण इससे सम्बन्धित नहीं है ?

(1) प्रत्यर्पण अपराध को दबाकर दमन करने की प्रक्रिया है ।
(2) प्रत्यर्पण का भयोपरापी (Deterrent) प्रभाव नहीं होता है ।
(3) प्रत्यर्पण पारस्परिकता पर आधारित है ।
(4) प्रादेशिक राज्य (Territorial State) की सुरक्षा हेतु अपराधी अभ्यर्पित होते हैं ।

**79.** निम्नांकित में से विवाद निपटारे का सबसे चरम रूप है :

(1) प्रतिकार (2) नाकाबंदी
(3) हस्तक्षेप (4) बलपूर्वक प्रतिकार

**80.** सभी प्रोटोकॉल और सन्धियाँ जो कि अन्तर्राष्ट्रीय मानवीय विधि के अनुरूप हैं, उन राज्यों पर लागू होकर बाध्यकारी होती हैं, यदि :

(1) सभी राज्य जो उस सम्बन्धित सन्धि के पक्षकार हैं ।
(2) वे सभी राज्य जो उस सन्धि के पक्षकार नहीं हैं परन्तु उन्होंने अपनी सहमति दे दी है ।
(3) सभी राज्यों पर, इसके पुष्टीकरण के विचार को लाये बिना भी, यदि यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि उन सभी ने अन्तर्राष्ट्रीय विधि के रूढ़िजन्य नियम की हैसियत या स्थिति प्राप्त कर ली है ।
(4) यह सभी

**81.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :
आपराधिक मनःस्थिति (Mens rea) एक आवश्यक तत्त्व नहीं है :
i. ऐसे मामले जो वास्तविक अर्थ में अपराध नहीं हैं परन्तु जो जनहित में दण्ड के अन्तर्गत निषेध हैं ।
ii. लोक उपताप
iii. स्वरूप में आपराधिक मामले लेकिन वे वास्तव में किसी दीवानी अधिकार को लागू करने के सरल तरीके हैं ।
iv. वैधानिक अपराध से सम्बन्धित ऐसे मामले जब तक विधान स्पष्टतः या आवश्यक प्रभावों द्वारा मनःस्थिति से अपवर्जित नहीं कर दे ।
निम्नलिखित में से कौन से उपरोक्त वर्णित कथन सही हैं ?

(1) i, ii तथा iii (2) i, ii तथा iv
(3) ii, iii तथा iv (4) i, iii तथा iv

**82.** 'A' intentionally causes 'Z's death, partly by illegally omitting to give 'Z' food and partly by beating 'Z'. 'A' has committed ________.

(1) Murder (2) Culpable homicide
(3) Gross negligence (4) None of these

**83.** 'A', a public officer, is authorized by a warrant from a court to apprehend 'Z'. 'B', knowing that fact and also that 'C' is not 'Z', willfully represents to 'A' that 'C' is 'Z', and thereby intentionally causes 'A' to apprehend 'C'. Here 'B' ______.

(1) Cheats the 'A' (2) Abets the 'A'
(3) Attempts to cheat 'A'
(4) Criminal impersonation

**84.** Philip finds a valuable diamond ring on the road, not knowing to whom it belongs. Philip sells it immediately without attempting to discover the owner. Philip is guilty of :

(1) Theft as it is causing wrongful gain to him.
(2) Criminal breach of trust
(3) Extortion
(4) Criminal misappropriation of property

**85.** 'A' is at work with a hatchet, the head flies off and kills a person who is standing nearby. Here there was no want of proper care and caution on the part of A. A is :

(1) guilty of murder.
(2) guilty of causing death by negligence.
(3) guilty of culpable homicide not amounting to murder.
(4) Excusable and not liable of any offence.

**86.** The right of private defence of body extends to causing death, against
(i) an assault with intention of kidnapping
(ii) an assault with intention of committing rape.

(1) Only statement (i) is true.
(2) Only statement (ii) is true.
(3) Both (i) & (ii) are true.
(4) Statement (i) is true, but (ii) is false.

**82.** 'क' अंशतः 'य' को भोजन देने का अवैध रूप से लोप करके और अंशतः 'य' को पीटकर साशय 'य' की मृत्यु कारित करता है । 'क' का कृत्य है –

(1) हत्या (2) आपराधिक मानव वध
(3) घोर लापरवाही (4) इनमें से कोई नहीं

**83.** 'क', एक लोक अधिकारी, न्यायालय के वारण्ट द्वारा 'य' को पकड़ने के लिए प्राधिकृत है । 'ख' उस तथ्य को जानते हुए और यह भी जानते हुए कि 'ग','य' नहीं है, 'क' को जानबूझकर यह निरूपित करता है कि 'ग', 'य' है, और उसके द्वारा जानबूझकर 'क' से 'ग' को पकड़वाता है । यहाँ 'ख' का कृत्य है

(1) 'क' के साथ धोखाधड़ी (2) 'क' को दुष्प्रेरण
(3) 'क' के साथ धोखाधड़ी का प्रयत्न
(4) आपराधिक छद्मरूपण

**84.** फिलीप को एक मूल्यवान हीराजड़ित अंगूठी सड़क पर पड़ी मिलती है । वह नहीं जानता है कि वह किसकी है । फिलीप, उसके स्वामी को खोज निकालने का प्रयत्न किये बिना ही, उसे तुरन्त बेच देता है । फिलीप दोषी है :

(1) स्वयं के लिए सदोष अभिलाभ कारित करने के लिये चोरी का
(2) आपराधिक न्यासभंग का
(3) उद्दापन का
(4) संपत्ति का आपराधिक दुर्विनियोग करने का

**85.** 'A' कुल्हाड़ी से काम कर रहा है । कुल्हाड़ी का फल उसमें से निकलकर उछल जाता है और निकट खड़ा हुआ व्यक्ति उससे मारा जाता है । यहाँ A की ओर से उचित सावधानी का कोई अभाव नहीं था । यहाँ A :

(1) हत्या का अपराधी है ।
(2) उपेक्षा से मृत्युकारित करने का अपराधी है ।
(3) आपराधिक मानववध जो हत्या नहीं है का अपराधी है ।
(4) माफी योग्य है और किसी भी अपराध के लिए दायी नहीं है ।

**86.** निम्न में से किसके विरुद्ध शरीर की प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार का विस्तार मृत्युकारित करने तक होता है ?
(i) व्यपहरण करने के आशय से किया गया हमला ।
(ii) बलात्संग करने के आशय से किया गया हमला ।

(1) केवल कथन (i) सही है ।
(2) केवल कथन (ii) सही है ।
(3) दोनों (i) व (ii) सही हैं ।
(4) कथन (i) सही है, परन्तु (ii) गलत है ।

**87.** Match the following Offences with the correct Section of the Bharatiya Nyaya Sanhita, 2023 :

| | |
|---|---|
| i. Criminal Conspiracy | a. 45 |
| ii. Abetment | b. 63 |
| iii. Dowry Death | c. 61 |
| iv. Rape | d. 80 |

(1) i-c, ii-d, iii-b, iv-a (2) i-a, ii-b, iii-c, iv-d
(3) i-d, ii-c, iii-b, iv-a (4) i-c, ii-a, iii-d, iv-b

**87.** निम्नांकित अपराधों को भारतीय न्याय संहिता, 2023 की सही धाराओं के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| i. आपराधिक षड्यंत्र | a. 45 |
| ii. दुष्प्रेरण | b. 63 |
| iii. दहेज मृत्यु | c. 61 |
| iv. बलात्कार | d. 80 |

(1) i-c, ii-d, iii-b, iv-a (2) i-a, ii-b, iii-c, iv-d
(3) i-d, ii-c, iii-b, iv-a (4) i-c, ii-a, iii-d, iv-b

**88.** Section 113(1) of the Bharatiya Nyaya Sanhita, 2023 "defines the term Terrorist act which will be applicable when there is intent to strike the terror or likely to strike terror"

(1) On the people of India.
(2) In any section of the people in India.
(3) In any foreign country.
(4) All of these

**88.** भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 113(1) "आतंकवादी कृत्य को परिभाषित करती है । इसके अनुसार ऐसा कोई भी कार्य आतंक द्वारा आघात या आतंक द्वारा संभाव्य आघात करने के आशय से धमकी या संभाव्य धमकी देने का कृत्य"

(1) भारत के लोगों पर करता है ।
(2) भारत के लोगों के किसी वर्ग पर करता है ।
(3) विदेश में करता है । (4) यह सभी

**89.** For 'Terrorist act', an officer of what minimum rank can decide whether to register the case under Section 113 or under the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 ?

(1) Superintendent of Police
(2) Deputy Superintendent of Police
(3) Inspector General of Police
(4) Director General of Police

**89.** "आतंकवादी कृत्य" हेतु, किस न्यूनतम रैंक का अधिकारी यह निर्णय ले सकता है कि प्रकरण धारा 113 के अन्तर्गत पंजीबद्ध किया जावे अथवा विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 के अन्तर्गत ?

(1) पुलिस अधीक्षक (2) उप-पुलिस अधीक्षक
(3) पुलिस महानिरीक्षक (4) पुलिस महानिदेशक

**90.** Section 178 of the Bharatiya Nyaya Sanhita, 2023 penalises counterfeiting and knowingly performing any part of process of counterfeiting of any coin, stamp issued by government for revenue, currency notes or bank notes. The punishment under this Section may be extend to _______.

(1) Up to 3 years imprisonment and fine.
(2) Up to 5 years imprisonment and fine.
(3) Up to 7 years imprisonment and fine.
(4) Up to 10 years imprisonment and fine.

**90.** भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 178 के अनुसार कोई भी किसी भी सिक्के, राजस्व प्रयोजन हेतु सरकारी स्टाम्प, करंसी नोट या बैंक नोटों का कूटकरण करता है तो भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 178 दंडित करती है । इस धारा के अन्तर्गत ______

(1) तीन वर्ष तक का कारावास और जुर्माने की सज़ा हो सकती है ।
(2) पाँच वर्ष तक का कारावास और जुर्माने की सज़ा हो सकती है ।
(3) सात वर्ष तक का कारावास और जुर्माने की सज़ा हो सकती है ।
(4) दस वर्ष तक का कारावास और जुर्माने की सज़ा हो सकती है ।

**91.** Who observed that "Just as criminal law consists of a body of rules establishing offences so the law of torts consists of a body of rules establishing specific injuries." ?

(1) Winfield (2) Austine
(3) John Rawls (4) Salmond

**91.** किसने कहा कि "जिस प्रकार आपराधिक विधि, अपराध को स्थापित करने वाले नियमों का एक समूह है, उसी प्रकार अपकृत्य विधि विशिष्ट क्षतियों को स्थापित करने वाले नियमों का समूह है ।" ?

(1) विनफिल्ड (2) ऑस्टिन
(3) जॉन रॉल्स (4) सामण्ड

**92.** Consider the following statements :
A. Tortious liability arises from breach of duty primarily fixed by the law.
B. This duty is towards persons generally.
C. Breach of this duty is redressible by an action for unliquidated damages.
D. Where there is infringement of a legal right, an action does not lie even though damage may have been caused.
Which of the above statements are correct ?

(1) A, B, C and D
(2) A, B and C
(3) B, C and D
(4) A, C and D

**93.** The case of State of Rajasthan vs. Vidhyawati decided by the Supreme Court is related to :

(1) Tortious liability of a company
(2) Tortious liability of a corporation
(3) Individual liability of the wrongdoer
(4) Vicarious liability of the State

**94.** Which of the following case is based on the maxim "ex turpi causa non oritur action" ?

(1) Siveyer vs. Allison, (1935) 2 K.B. 403
(2) Allen vs. Gulf Oil Ltd. (1981) 2 W.L.R. 188
(3) Chasemore vs. Richards (1859) 7 H.L.C. 349
(4) None of these

**95.** The conductor of E. Vehicle gives a bell to start the bus while a passenger of the bus still on the foot board and the driver tries to overtake a stationary bus very closely and the passenger get squeezed between the two buses.
In this case which one of the following is legally sustainable in the category of torts ?

(1) Composite Negligence
(2) Contributory Negligence
(3) Nuisance
(4) Negligence

**96.** The rule of "Strict liability" propounded in the case of Rylands vs. Fletcher is not applicable :

(1) When the damage is due to vismajeur.
(2) When the damage is due to wrongful act of stranger.
(3) When the damage is due to plaintiff 's own fault.
(4) When the damage is due to poor condition of land.

**92.** निम्न कथनों पर विचार कीजिये :
A. प्राथमिक रूप से विधि द्वारा नियत किये गये कर्त्तव्य के भंग होने पर दुष्कृति का दायित्व उद्भूत होता है ।
B. सामान्यत: यह कर्त्तव्य मनुष्यों के प्रति होता है ।
C. इस कर्त्तव्य भंग का उपचार अपरिनिर्धारित नुकसानी का दावा है ।
D. जहाँ विधिक अधिकार का उल्लंघन होता है वहाँ किसी भी प्रकार की नुकसानी कारित होने पर कार्यवाही नहीं की जा सकती ।
उपरोक्त में से कौन से कथन सही हैं ?

(1) A, B, C और D
(2) A, B और C
(3) B, C और D
(4) A, C और D

**93.** उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्णीत राजस्थान राज्य बनाम विद्यावती का वाद सम्बन्धित है

(1) एक कम्पनी के दुष्कृति के दायित्व से
(2) एक निगम के दुष्कृति के दायित्व से
(3) दोषकर्ता के वैयक्तिक दायित्व से
(4) राज्य के प्रतिनिधिक दायित्व से

**94.** निम्नांकित में से कौन सा वाद मैक्ज़िम "एक्स टरपी कॉजा नॉन ऑरिटर एक्शन" पर आधारित है ?

(1) सिवेयर बनाम एलिसन (1935) 2 K.B. 403
(2) एलन बनाम गल्फ ऑयल लिमिटेड (1981) 2 डब्ल्यू.एल.आर. 188
(3) चैसमोर बनाम रिचर्ड्स (1859) 7 एच.एल.सी. 349
(4) इनमें से कोई नहीं

**95.** एक विद्युत द्वारा चलित यान (E-Vehicle) के कण्डक्टर ने मोटरयान को चलाने के लिए घंटी बजाई जबकि उस समय एक यात्री बस के पायदान पर खड़ा था । पास में ही खड़ी मोटरयान से आगे निकालने के लिए ड्राइवर ने कोशिश की जिससे वह यात्री दोनों मोटरयान के बीच कुचला गया । विधिक रूप से यह मामला निम्न में से दुष्कृति की कौन सी श्रेणी में मानने योग्य है ?

(1) संयुक्त उपेक्षा
(2) अभिदायी उपेक्षा
(3) उपताप (Nuisance)
(4) उपेक्षा

**96.** राइलैण्ड्स बनाम फ्लेचर के वाद में प्रतिपादित "कठोर दायित्व" का सिद्धान्त लागू नहीं होता है

(1) यदि नुकसानी ईश्वरीय कृत्य के कारण हुई हो ।
(2) यदि नुकसानी अजनबी के सदोष कृत्य के कारण हुई हो ।
(3) यदि नुकसानी वादी की स्वयं की गलती के कारण हुई हो ।
(4) यदि नुकसानी भूमि की दयनीय स्थिति के कारण हुई हो ।

**97.** Match List-I (Judicial Principle) with List-II (Decision) and select the correct answer using the code given below :

| List-I Judicial Principle | List-II Decision |
|---|---|
| i. Injuria sine damnum | a. Donoghue vs. Stevenson |
| ii. Negligence (Duty to take care) | b. Ashby vs. White |
| iii. Vicarious liability of the state | c. Rylands vs. Fletcher |
| iv. Strict liability | d. State of Rajasthan vs. Vidhyawati |

**Code :**

(1) i-a, ii-b, iii-c, iv-d
(2) i-b, ii-a, iii-d, iv-c
(3) i-d, ii-b, iii-c, iv-a
(4) i-a, ii-d, iii-c, iv-b

**98.** As per the provision of Consumer Protection Act, 1986, match the following :

| | |
|---|---|
| i. Right to be protected against the marketing of hazardous goods | a. Section 6(a) |
| ii. Right to be informed about the quality | b. Section 6(b) |
| iii. Right to be heard | c. Section 6(d) |
| iv. Right to Consumer Education | d. Section 6(f) |

(1) i-a, ii-d, iii-b, iv-c
(2) i-a, ii-b, iii-d, iv-c
(3) i-b, ii-a, iii-c, iv-d
(4) i-a, ii-b, iii-c, iv-d

**99.** According to bare language of Section 145(i) of Motor Vehicles Act, 1988, the term "Third Party" includes _______.

(1) Insurance Company
(2) Government
(3) State Transport Undertaking
(4) Local Authority

**97.** सूची-I में दिये गये न्यायिक सिद्धान्त का सूची-II में दिये गये निर्णयों से नीचे दिये गये संकेतांक की सहायता से उचित मिलान करें :

| सूची – I न्यायिक सिद्धान्त | सूची – II निर्णय |
|---|---|
| i. बिना क्षति के हानि | a. डोनोगे बनाम स्टीवेन्सन |
| ii. उपेक्षा (सावधानी का कर्त्तव्य) | b. ऐशबी बनाम व्हाइट |
| iii. राज्य का प्रतिनिधिक दायित्व | c. राइलैण्ड्स बनाम फ्लेचर |
| iv. कठोर दायित्व | d. स्टेट ऑफ राजस्थान बनाम विद्यावती |

**संकेतांक :**

(1) i-a, ii-b, iii-c, iv-d
(2) i-b, ii-a, iii-d, iv-c
(3) i-d, ii-b, iii-c, iv-a
(4) i-a, ii-d, iii-c, iv-b

**98.** उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के प्रावधानानुसार निम्न को सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| i. परिसंकटमय माल के विपणन के विरुद्ध संरक्षण का अधिकार | a. धारा 6(a) |
| ii. क्वालिटी के बारे में सूचित किये जाने का अधिकार | b. धारा 6(b) |
| iii. सुने जाने का अधिकार | c. धारा 6(d) |
| iv. उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार | d. धारा 6(f) |

(1) i-a, ii-d, iii-b, iv-c
(2) i-a, ii-b, iii-d, iv-c
(3) i-b, ii-a, iii-c, iv-d
(4) i-a, ii-b, iii-c, iv-d

**99.** मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 145(i) की मूल भाषा के अनुसार पद "तृतीय पक्षकार" में सम्मिलित है –

(1) बीमा कम्पनी
(2) सरकार
(3) राज्य परिवहन उपक्रम
(4) स्थानीय प्राधिकारी

**100.** Match the following in context of the Competition Act, 2002 :

| | |
|---|---|
| i. 'Dominant Position' | a. Sec. 6(g) Explanation (b) |
| ii. Tie-in Arrangement | b. Sec. 4 Explanation (a) |
| iii. Foreign Portfolio Investor | c. Sec. 2(s) |
| iv. Relevant Geographic Market | d. Sec. 3(4) (a) |

(1) i-b, ii-d, iii-a, iv-c
(2) i-b, ii-d, iii-c, iv-a
(3) i-d, ii-b, iii-a, iv-c
(4) i-d, ii-b, iii-c, iv-a

**101.** Ronu sent a telegram to Annie "Will you sell us your farm house ? Telegraph lowest cash price". Annie in reply telegraphed "Lowest price for farm house is ₹ 10 lakh." Ronu sent another telegram to Annie saying "I agree to buy your farm house for ₹ 10 lakh. Please send your title deeds". The second telegram regarding lowest price is

(1) An offer.
(2) An invitation to an offer.
(3) A counter offer.
(4) Cross offer.

**102.** "No one shall be allowed to enrich himself at the expense of another." This concept is based upon the principle of

(1) Nudum Pactum
(2) Quasi Contract
(3) Quantum Meruit
(4) Quantum Valebat

**103.** Special damages can be awarded where :

(1) a party to the contract has suffered the loss which arose naturally and directly for the breach.
(2) a party to the contract receives a notice of special circumstances affecting the contract.
(3) the court is of the opinion and thinks fit that the circumstances exist for which no special notice was given by the person who was entitled to do so.
(4) the special damages has not been claimed even then the court may award it.

**100.** प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 के संदर्भ में निम्न को सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| i. प्रधान स्थिति | a. धारा 6(g) स्पष्टीकरण (b) |
| ii. इंतजाम करने में सहबद्धता | b. धारा 4 स्पष्टीकरण (a) |
| iii. विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक | c. धारा 2(s) |
| iv. सुसंगत भौगोलिक बाज़ार | d. धारा 3(4) (a) |

(1) i-b, ii-d, iii-a, iv-c
(2) i-b, ii-d, iii-c, iv-a
(3) i-d, ii-b, iii-a, iv-c
(4) i-d, ii-b, iii-c, iv-a

**101.** रोनू ने एन्नी को एक तार भेजा – "क्या आप अपना फार्म हाउस हमें बेचोगे ? तार द्वारा इसकी न्यूनतम नकद कीमत बताइये" । एन्नी ने प्रत्युत्तर में तार भेजा "फार्म हाउस की न्यूनतम कीमत ₹ 10 लाख है" । रोनू ने एन्नी को यह कहते हुए दूसरा तार भेजा कि "मैं आपका फार्म हाउस ₹ 10 लाख में खरीदने के लिए तैयार हूँ, कृपया अपने हक विलेख भेजें" । न्यूनतम कीमत के लिए भेजा गया दूसरा तार

(1) एक प्रस्ताव है ।
(2) प्रस्ताव के लिए आमंत्रण है ।
(3) प्रति प्रस्ताव है ।
(4) क्रॉस प्रस्ताव है ।

**102.** "किसी को भी दूसरे की कीमत पर धनलाभ प्राप्त करने का अधिकार नहीं दिया जायेगा ।" यह सिद्धान्त आधारित है :

(1) बिना प्रतिफल के सिद्धान्त पर
(2) संविदा-कल्प के सिद्धान्त पर
(3) जितना काम उतना दाम के सिद्धान्त पर
(4) मूल्यानुसार कीमत के सिद्धान्त पर

**103.** विशेष प्रतिकर प्रदान किया जा सकता है, जहाँ पर कि :

(1) संविदा के एक पक्षकार ने हानि सहन की है जो कि संविदा-भंग के कारण नैसर्गिक रूप से और प्रत्यक्षत: हुई है ।
(2) संविदा के एक पक्षकार ने उस विशेष परिस्थितियों की सूचना प्राप्त की है जो संविदा को प्रभावित कर सकती हैं ।
(3) न्यायालय की राय में और यह उचित रूप से सोचता है कि ऐसी परिस्थितियाँ विद्यमान थीं जिसके कारण विशेष सूचना नहीं दी गई, जो कि दी जानी चाहिये थी ।
(4) विशेष नुकसानी के लिए कोई दावा नहीं किया गया फिर भी न्यायालय इसे प्रदान कर सकता है ।

**104.** Which of the following is not an implied condition in a contract of sale ?

(1) Condition as to sale by description
(2) Condition as to sample
(3) Condition as to undisturbed possession
(4) Condition as to wholesomeness

**105.** Which Section of LLP Act, 2008 provides the unlimited liability of limited liability partnership and on what ground ?

(1) Section 29, fraud
(2) Section 30, undue influence
(3) Section 29, undue influence
(4) Section 30, fraud

**106.** Which of the following statements about implied authority of a partner under the provisions of the Partnership Act, 1932 is true ?

(1) A partner in a firm of general commercial nature may pledge the partnership property.
(2) A partner may acquire immovable property on behalf of the firm.
(3) A partner may enter into partnership on behalf of the firm.
(4) A partner may transfer immovable property belonging to the firm.

**107.** Which of the following answer is not correct relating to the statement given below ?
In calculating the date at which a promissory note or bill of exchange made payable –

(1) A stated number of months after date.
(2) After sight.
(3) After a certain event.
(4) After produce before payee whenever.

**108.** As per the Section 2(3) of the Companies Act, 2013 'Alteration' includes

(1) Omission
(2) Correction
(3) Rectification
(4) Amendment

**104.** निम्नलिखित में से कौन सी माल विक्रय संविदा की विवक्षित शर्त नहीं है ?

(1) वर्णनानुसार विक्रय में माल के वर्णन के अनुरूप होने की शर्त
(2) नमूने के अनुसार की शर्त
(3) बिना विघ्न डाले कब्जे की शर्त
(4) स्वास्थ्यप्रदता की शर्त

**105.** एल.एल.पी. अधिनियम, 2008 का कौन सा प्रावधान सीमित दायित्व भागीदारी के असीमित दायित्व का प्रावधान करता है तथा किन आधारों पर ?

(1) धारा 29, कपट
(2) धारा 30, अनुचित प्रभाव
(3) धारा 29, अनुचित प्रभाव
(4) धारा 30, कपट

**106.** भागीदारी अधिनियम, 1932 के प्रावधानों के अन्तर्गत एक भागीदार के विवक्षित प्राधिकार के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(1) एक भागीदारी फर्म जो सामान्य व्यापारिक कारबार प्रकृति की है तो भागीदार फर्म की सम्पत्ति को गिरवी रख सकता है ।
(2) एक भागीदार फर्म की ओर से स्थावर सम्पत्ति अर्जित कर सकता है ।
(3) एक भागीदार फर्म की ओर से भागीदारी में सम्मिलित हो सकता है ।
(4) एक भागीदार फर्म की स्थावर सम्पत्ति को अन्तरित कर सकता है ।

**107.** नीचे दिए गए कथन के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन सा उत्तर सही नहीं है ?
वचन पत्र या विनिमय पत्र भुगतान योग्य होने की तिथि की गणना –

(1) नियत तिथि से बताए गए महीने के बाद
(2) देखने के पश्चात्
(3) निश्चित घटना पश्चात्
(4) देयी के समक्ष जब भी प्रस्तुत किया जाए ।

**108.** कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(3) के अनुसार 'परिवर्तन' में सम्मिलित है

(1) हटाना
(2) सुधार
(3) शोधन
(4) संशोधन

**109.** Schedule 7 of the Companies Act, 2013 deals with

(1) Remuneration to Directors
(2) Activities for Corporate Social Responsibility
(3) Prospectus of the company
(4) Format for shares and debentures

**110.** A company which is having net worth of rupees five hundred crore or more or a net profit of rupees five crore or more during the immediately preceding financial year shall constitute a Corporate Social Responsibility (CSR) Committee. Which of the following statements is correct relating to the formation of CSR Committee ?

(1) It shall consist 1/3 directors of the total number of directors.
(2) It shall consist at least two directors.
(3) It shall consist three directors out of which at least one shall be woman director.
(4) Three or more directors out of which at least one director shall be an independent director.

**111.** Which one of the following does not come under the modern sources of Hindu Law ?

(1) Custom
(2) Legislation
(3) Judicial Precedent
(4) Equity, justice and good conscience

**112.** The decision and the principles propounded under it by the Supreme Court in the case of Jijabai Vithalrao Gajre vs. Pathan Khan (AIR 1971 SC 315) are related to :

(1) Adoption
(2) Succession
(3) Minority and Guardianship
(4) Dissolution of marriage

**113.** The Muslim Women (Protection of Rights on Marriage) Act, 2019 have come into force on ________.

(1) 30th July, 2018
(2) 31st July, 2019
(3) 19th September, 2018
(4) 19th September, 2019

**109.** कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची 7 सम्बन्धित है

(1) निदेशकों को पारिश्रमिक से
(2) कोर्पोरेट सोशियल रेस्पॉन्सिबिलिटि संबंधी गतिविधियों से
(3) कम्पनी की विवरणिका से
(4) शेयर व ऋणपत्र का प्रारूप

**110.** प्रत्येक कम्पनी जिसका शुद्ध मूल्य ₹ 500 करोड़ या अधिक है या इससे पहले वाले वित्तीय वर्ष में उसका शुद्ध लाभ ₹ 5 करोड़ या अधिक है तो उसे बोर्ड की एक समिति बनानी होगी जो निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व समिति (CSR Committee) कहलायेगी । इस समिति (CSR Committee) के निर्माण से सम्बन्धित निम्न कथनों में से कौन सा कथन सही है ?

(1) कम्पनी के कुल निदेशकों में से 1/3 निदेशक इसका गठन करेंगे ।
(2) कम्पनी के कम से कम 2 निदेशक इसका गठन करेंगे ।
(3) इसके गठन में तीन निदेशक होंगे जिनमें कम से कम एक सदस्य महिला निदेशक होंगी ।
(4) इसका गठन तीन या अधिक निदेशकों द्वारा किया जायेगा जिनमें कम से कम एक सदस्य स्वतंत्र निदेशक होगा ।

**111.** निम्नलिखित में से कौन सा स्रोत हिन्दू विधि का आधुनिक स्रोत नहीं है ?

(1) रूढ़ियाँ
(2) विधायन
(3) पूर्वन्यायिक निर्णय
(4) साम्या, न्याय एवं सद्विवेक

**112.** जीजाबाई विठलराव गजरे बनाम पठान खान (AIR 1971 SC 315) के वाद में उच्चतम न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णय और उसमें प्रतिपादित सिद्धान्त सम्बन्धित हैं

(1) दत्तक ग्रहण से
(2) उत्तराधिकार से
(3) अवयस्कता तथा संरक्षकता से
(4) विवाह-विच्छेद से

**113.** मुस्लिम महिला (विवाह अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 दिनांक ________ को लागू हुआ ।

(1) 30 जुलाई, 2018
(2) 31 जुलाई, 2019
(3) 19 सितम्बर, 2018
(4) 19 सितम्बर, 2019

**114.** In which of the following cases the Supreme Court gave the distinction between the "relationship in the nature of marriage" and "marital relationship" ?

(1) Kandaswami vs. Kanniah
(2) M.M. Malhotra vs. UOI
(3) Svarnabahen vs. Chinabhai
(4) Indra Sarma vs. V.K.V. Sarma

**115.** Under Hindu Minority and Guardianship Act, 1956, 'De facto' guardian can –

(1) sell property.
(2) mortgage property.
(3) sell the property with family consent.
(4) do nothing to dispose property.

**116.** Capacity to adopt a Hindu male is provided in :

(1) Section 6
(2) Section 7
(3) Section 8
(4) Section 9

**117.** To exercise the powers and duties a Mutawalli of a Waqf property has to take the permission of the court. Which of the following statement is correct where such permission is not required ?

(1) To alienate or charge the Waqf property.
(2) To borrow money.
(3) To sell, mortgage or dispose of Waqf property.
(4) To file a suit for protecting Waqf property and for administering the Waqf property.

**118.** The case of Shah Bano Begum vs. Mohammad Ahmed Khan (AIR 1985 SC 945) decided by the Supreme Court is related to :

(1) Mahr
(2) Marriage or Nikah
(3) Divorce or Talaq
(4) Maintenance

**114.** निम्नांकित में से किस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने "विवाह के सदृश्य सम्बंध" व "वैवाहिक सम्बंध" में अंतर किया ?

(1) कण्डास्वामी बनाम कन्हैया
(2) एम.एम. मल्होत्रा बनाम भारत संघ
(3) स्वर्णाबेन बनाम चिनाभाई
(4) इन्द्रा शर्मा बनाम वी.के.वी. शर्मा

**115.** हिन्दू अप्राप्तवय एवं संरक्षकता अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत 'तथ्यत:' संरक्षक

(1) सम्पत्ति बेच सकता है ।
(2) सम्पत्ति बंधक रख सकता है ।
(3) परिवार की सहमति से सम्पत्ति बेच सकता है ।
(4) सम्पत्ति के व्ययन हेतु कुछ नहीं कर सकता ।

**116.** हिन्दू पुरुष को दत्तक लेने की सामर्थ्य प्रदत्त है –

(1) धारा 6 में
(2) धारा 7 में
(3) धारा 8 में
(4) धारा 9 में

**117.** वक्फ सम्पत्ति की शक्तियों और कर्त्तव्यों के प्रयोग के लिए वक्फ सम्पत्ति के मुतवल्ली को न्यायालय की अनुज्ञा प्राप्त करनी होती है । निम्न में से कौन से कथन के अनुसार ऐसी अनुज्ञा की आवश्यकता नहीं होती ?

(1) वक्फ सम्पत्ति को अन्य संक्रान्त करना या उस पर प्रभार करना ।
(2) पैसा उधार लेना ।
(3) वक्फ सम्पत्ति को बेचना, गिरवी रखना या व्ययनीत करना ।
(4) वक्फ सम्पत्ति की सुरक्षा और वक्फ सम्पत्ति का प्रशासन करने के लिए वाद दायर करना ।

**118.** उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्णीत शाहबानो बेगम बनाम मोहम्मद अहमद खान का वाद (AIR 1985 SC 945) सम्बन्धित है :

(1) मेहर से
(2) विवाह या निकाह से
(3) विवाह-विच्छेद या तलाक से
(4) भरण-पोषण से

**119.** The main object of Article 44 of the Constitution of India is to bring all the people including the Muslim into the main-stream. It must be clearly understood that Uniform Civil Code :

(1) Does not mean that Hindu Law shall apply to all.

(2) Does not mean that Muslim Law shall apply to all.

(3) Does not mean that Hindu Law and Muslim Law shall apply to all.

(4) Means that one code shall be enacted which should apply to all.

**120.** On which of the following matter, Hindu Law will be applicable ?

(1) Lease

(2) Mortgage

(3) Partition

(4) Transfer of property to unborn person

**121.** "It will be an endeavour of every citizen to protect and improve the natural environment including forests, lakes, rivers and wild life and to have compassion for living creatures." This statement has been enumerated in Article ______ of the Constitution of India.

(1) 51A(a)

(2) 51A(b)

(3) 51A(h)

(4) 51A(g)

**122.** Multilateral treaties and conventions have been concluded on some specific issues of disarmament. For this purpose the Prohibition of Military or any other Hostile use of Environmental Modification Technique (ENMOD) Convention, 1977 was held but it was enforced on _______.

(1) October 5, 1978

(2) October 26, 1978

(3) November 5, 1978

(4) November 26, 1978

**119.** भारत के संविधान के अनुच्छेद 44 का मुख्य उद्देश्य यह है कि मुसलमानों सहित भारत के सभी लोगों को मुख्य धारा में लाना है । यह स्पष्ट रूप से समझा जाना चाहिये कि समान सिविल संहिता :

(1) का अर्थ यह नहीं है कि हिन्दू विधि सभी पर लागू होगी ।

(2) का अर्थ यह नहीं है कि मुस्लिम विधि सभी पर लागू होगी ।

(3) का अर्थ यह नहीं है कि हिन्दू विधि और मुस्लिम विधि सभी पर लागू होगी ।

(4) का अर्थ यह है कि एक सिविल संहिता अधिनियमित की जायेगी जो सभी को लागू होगी ।

**120.** निम्नलिखित मामलों में से किन पर हिन्दू विधि लागू होगी ?

(1) पट्टा

(2) बंधक

(3) बटवारा

(4) अजन्मे व्यक्ति को सम्पत्ति का अन्तरण

**121.** "हर नागरिक का यह कर्त्तव्य होगा कि वह प्राकृतिक पर्यावरण की, जिसके अन्तर्गत वन, झील, नदी औऱ वन्य जीव हैं, रक्षा करें और उसका संवर्धन करें तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखें ।" यह कथन भारतीय संविधान के अनुच्छेद _______ में अंकित है ।

(1) 51क(क)

(2) 51क(ख)

(3) 51क(ज)

(4) 51क(छ)

**122.** निःशस्त्रीकरण के विशिष्ट विवाद्यक पर कई सन्धियाँ और अभिसमय आयोजित किये गये । इस उद्देश्य हेतु सामरिक या अन्य प्रतिकूल उपयोग के प्रतिषेध पर्यावरणीय उपांतरण तकनीक पर अभिसमय (Convention) आयोजित 1977 में किया गया परन्तु इसे _____ को लागू किया गया ।

(1) 5 अक्टूबर, 1978

(2) 26 अक्टूबर, 1978

(3) 5 नवम्बर, 1978

(4) 26 नवम्बर, 1978

**123.** No person is authorized to handle or cause to be handled any hazardous substance except in accordance with such procedure and after complying with such safeguards as may be prescribed.
Which of the following section is related to the Environment Protection Act, 1986 ?

(1) Section 6
(2) Section 7
(3) Section 8
(4) Section 9

**124.** Which of the following statement relating to the composition of the National Green Tribunal under the National Green Tribunal Act, 2010 is not correct ?

(1) The Tribunal shall consists of a full time chairperson.
(2) There will be atleast 20 other members who are full time judicial members in the Tribunal.
(3) Not less than ten but subject to maximum of 20 full time judicial members in the Tribunal.
(4) Not less than ten but subject to maximum of 20 full time expert members in the Tribunal as the Central Government may from time to time notify.

**125.** Doctrine of Public Trust was laid down by the Supreme Court of India in –

(1) M.C. Mehta vs. Kamal Nath, 1996
(2) Subhash Kumar vs. State of Bihar, 1991
(3) M.C. Mehta vs. UOI, 1988
(4) A.P. Pollution Control Board vs. M.V. Nayadu, 1999

**126.** In which of the following cases the Supreme Court clarified that there would not be any liability attached to the Chairman/Managing Director of the Company, if the chlorine gas leakage was due to an Act of God or sabotage ?

(1) Shriram Foods and Fertilizers Industries vs. Union of India
(2) M.C. Mehta vs. Union of India
(3) U.P. Pollution Control Board vs. Modi Distillery
(4) Rylands vs. Fletcher

**123.** कोई भी व्यक्ति किसी परिसंकटमय पदार्थ के सम्बन्ध में विहित प्रक्रिया का अनुसरण तथा रक्षापायों का अनुपालन किये बिना, व्यवहार नहीं करेगा ।
पर्यावरण सुरक्षा अधिनियम, 1986 के अनुसार इसकी निम्न में से कौन सी धारा सम्बन्धित है ?

(1) धारा 6
(2) धारा 7
(3) धारा 8
(4) धारा 9

**124.** राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम, 2010 के अन्तर्गत राष्ट्रीय हरित अधिकरण के गठन से सम्बन्धित निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) अधिकरण में एक पूर्णकालिक अध्यक्ष होगा ।
(2) अधिकरण में कम से कम 20 पूर्णकालिक न्यायिक सदस्य होंगे ।
(3) अधिकरण में कम से कम 10 और अधिकतम 20 पूर्णकालिक न्यायिक सदस्य होंगे ।
(4) अधिकरण में कम से कम 10 और अधिकतम 20 पूर्णकालिक विशेषज्ञ होंगे जिसके लिए केन्द्रीय सरकार समय-समय पर अधिसूचित करेगी ।

**125.** भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 'पब्लिक ट्रस्ट' की अवधारणा प्रतिपादित की गई थी

(1) एम.सी. मेहता बनाम कमल नाथ, 1996
(2) सुभाष कुमार बनाम बिहार राज्य, 1991
(3) एम.सी. मेहता बनाम भारत संघ, 1988
(4) ए.पी. पॉल्युशन कन्ट्रोल बोर्ड बनाम एम.वी. नायडू, 1999

**126.** निम्नलिखित में से किस वाद में उच्चतम न्यायालय ने यह स्पष्ट किया है कि यदि क्लोरीन गैस का रिसाव ईश्वरीय कृत्य या अभिध्वंस के कारण हुआ है तो कम्पनी का अध्यक्ष/प्रबंध निदेशक दायी नहीं होंगे ?

(1) श्रीराम फूड्स एण्ड फर्टिलाइजर्स इंडस्ट्रीज बनाम यूनियन ऑफ इंडिया
(2) एम.सी. मेहता बनाम यूनियन ऑफ इंडिया
(3) यू.पी. पॉल्युशन कन्ट्रोल बोर्ड बनाम मोदी डिस्टीलरी
(4) राइलैण्ड्स बनाम फ्लेचर

**127.** The International Convention on the Rights of Child (CRC) was adopted by consensus on the 30th anniversary of the Declaration of the General Assembly of United Nations Organisation on 20th November, 1989 but came into force on :

(1) 1st January, 1990.

(2) 15th August, 1990.

(3) 31st August, 1990.

(4) 2nd September, 1990.

**128.** Who among the following appoints the President and members of National Human Rights Commission ?

(1) Chief Justice of India

(2) Prime Minister of India

(3) President of India

(4) Speaker of the House of the People

**129.** Match the source of basic human rights given under List-I with the correct year given under List-II and select the correct answer by using the following code :

| List-I | List-II |
|---|---|
| i. Magna Carta | a. 1215 |
| ii. The French Declaration of the Rights of Man and Citizen | b. 1689 |
| iii. Bill of Rights | c. 1948 |
| iv. Universal Declaration of Human Rights | d. 1789 |

**Code :**

(1) i-d, ii-c, iii-a, iv-b

(2) i-a, ii-d, iii-b, iv-c

(3) i-b, ii-c, iii-d, iv-a

(4) i-b, ii-a, iii-c, iv-d

**130.** Which Section of the National Commission for Women Act, 1990 states that the Central Government shall consult the commission on all major policy matters affecting women ?

(1) 9(a)

(2) 16

(3) 12(3)

(4) 17

**127.** संयुक्त राष्ट्र संघ के महासभा की 30वीं वर्षगाँठ पर बालकों के अधिकारों को अंगीकार करने की सर्व-सम्मति से घोषणा दिनांक 20 नवम्बर, 1989 को अन्तर्राष्ट्रीय अभिसमय (convention) में की गई, परन्तु यह :

(1) 1 जनवरी, 1990 को लागू हुई ।

(2) 15 अगस्त, 1990 को लागू हुई ।

(3) 31 अगस्त, 1990 को लागू हुई ।

(4) 2 सितम्बर, 1990 को लागू हुई ।

**128.** निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष और उसके सदस्यों की नियुक्ति करता है ?

(1) भारत का मुख्य न्यायमूर्ति

(2) भारत का प्रधानमंत्री

(3) भारत का राष्ट्रपति

(4) लोकसभा अध्यक्ष

**129.** सूची-I में दिये गये मूल मानवीय अधिकारों के स्रोत का सूची-II में दिये गये सही वर्ष से मिलान कीजिए और निम्न संकेतांकों की सहायता से सही उत्तर का चयन करें :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| i. मैग्नाकार्टा | a. 1215 |
| ii. मानव एवं नागरिक अधिकारों की फ्रांस घोषणा | b. 1689 |
| iii. बिल ऑफ राइट्स | c. 1948 |
| iv. मानवीय अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा | d. 1789 |

**संकेतांक:**

(1) i-d, ii-c, iii-a, iv-b

(2) i-a, ii-d, iii-b, iv-c

(3) i-b, ii-c, iii-d, iv-a

(4) i-b, ii-a, iii-c, iv-d

**130.** राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की कौन सी धारा यह प्रावधान करती है कि केन्द्रीय सरकार, महिलाओं को प्रभावित करने वाले सभी प्रमुख नीतिगत मामलों पर आयोग से परामर्श करेगी ?

(1) 9(a)

(2) 16

(3) 12(3)

(4) 17

**131.** The First International Convention, relating to Intellectual Property Rights, on which the World Intellectual Property Organisation has originally been constituted, is :

(1) Paris Convention in 1883
(2) Bern Convention in 1886
(3) Stockholm Convention in 1967
(4) TRIPS Agreement, 1995

**132.** In the case of 'work of architecture', copyright shall subsist only in the –

(1) Design
(2) Process of architectural work
(3) Methods of construction
(4) Design and Methods of construction both jointly

**133.** Which of the following section of the Patents Act, empowers the court to appoint an independent 'Scientific Advisor' to assist the court or to inquire and report upon any such question of fact or of opinion in any suit for infringement ?

(1) Section 105(e)
(2) Section 115(1)
(3) Section 63(a)
(4) Section 11(5)

**134.** A geographical indication registered under Section 24 of the Geographical Indication of Goods (Registration and Protection) Act, 1999 may be :

(1) Assigned.
(2) Pledged.
(3) Mortgaged.
(4) Devolved to the successor on the death of an authorised user.

**135.** As per Section 2(g) of the Trademark Act, 'Collective Mark' means a trade mark distinguishing the goods or services of ______.

(1) Members of a partnership
(2) Members of a particular well-known place
(3) Members of an association of persons
(4) None of these

**131.** बौद्धिक सम्पदा अधिकार से सम्बन्धित प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय अभिसमय, जिस पर कि विश्व बौद्धिक सम्पदा संघ का मूलरूपेण गठन किया गया है, वह है

(1) पेरिस अभिसमय, 1883
(2) बर्न अभिसमय, 1886
(3) स्टॉकहोम अभिसमय, 1967
(4) ट्रिप्स (TRIPS) करार, 1995

**132.** "वास्तुकृति" के लिए कॉपीराइट का अस्तित्व केवल रहता है

(1) डिजाइन में
(2) वास्तुकृति बनाने की प्रक्रिया में
(3) निर्माण के तरीके में
(4) डिजाइन एवं निर्माण के तरीके दोनों में संयुक्त रूप से

**133.** निम्नांकित में से पेटेण्ट अधिनियम की कौन सी धारा न्यायालय को यह अधिकार देती है कि न्यायालय की सहायता करने या किसी ऐसे तथ्य के प्रश्न या किसी अतिलंघन के वाद में राय की जाँच करने और उस पर रिपोर्ट देने के लिए एक स्वतंत्र 'वैज्ञानिक सलाहकार' नियुक्त कर सकता है ?

(1) धारा 105(e)
(2) धारा 115(1)
(3) धारा 63(a)
(4) धारा 11(5)

**134.** भौगोलिक उपदर्शन (माल का रजिस्ट्रेशन एवं संरक्षण) अधिनियम, 1999 के अन्तर्गत एक रजिस्टर्ड भौगोलिक उपदर्शन :

(1) का समनुदेशन किया जा सकता है ।
(2) को गिरवी रखा जा सकता है ।
(3) को बंधक रखा जा सकता है ।
(4) का प्राधिकृत उपयोक्ता की मृत्यु पर उसके उत्तराधिकारी को न्यागत किया जा सकता है ।

**135.** व्यापार चिह्न अधिनियम की धारा 2(g) के अनुसार 'सामूहिक चिह्न' से तात्पर्य है एक व्यापार चिह्न जो ______ की सेवाओं या माल को विभेदित करता हो ।

(1) भागीदारी के सदस्यों
(2) विख्यात स्थान के सदस्यों
(3) व्यक्तियों के संगठन के सदस्यों
(4) इनमें से कोई नहीं

**136.** Which international protocol was added in the preamble of the Biological Diversity Act through the Biological Diversity (Amendment) Act, 2023 ?

(1) Kyoto Protocol
(2) Cartagena Protocol
(3) Montreal Protocol
(4) Nagoya Protocol

**137.** According to the Information Technology Act, 2010 the electronic signature or the electric authentication technique shall be considered reliable if :

(1) The signature creation data or the authentication data are within the context in which they are used, linked to the signatory or, as the case may be, the authenticator and no other person.
(2) Any alteration to the electronic signature made after affixing such signature is detectable.
(3) Any alteration to the information made after its authentication by electronic signature is detectable.
(4) All of these

**138.** As per the base language of the Section 47 of the IT Act, while adjudging the quantum of compensation, the adjudicating officer shall not have due regard to which of the following (if quantifiable) factors ?

(1) The amount of gain of unfair advantage.
(2) The amount of loss caused to any person.
(3) The amount of capital investment for data protection.
(4) The repetitive nature of the default.

**139.** A subscriber shall be deemed to have accepted a Digital Signature Certificate if he publishes or authorizes the publication of Digital Signature Certificate :

(1) To one or more persons.
(2) Published in a repository.
(3) Otherwise demonstrates his approval of the Digital Signature Certificate in any manner.
(4) All of these

**136.** जैव-विविधता (संशोधन) अधिनियम, 2023 द्वारा जैव-विविधता अधिनियम की प्रस्तावना में किस अन्तर्राष्ट्रीय प्रोटोकॉल को जोड़ा गया ?

(1) क्योटो प्रोटोकॉल
(2) कार्टाजीना प्रोटोकॉल
(3) मांट्रियल प्रोटोकॉल
(4) नागोया प्रोटोकॉल

**137.** सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2010 के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर या इलेक्ट्रॉनिक प्रमाणीकरण तकनीक को विश्वसनीय माना जायेगा यदि :

(1) हस्ताक्षर सृजन डाटा या प्रमाणीकरण डाटा, ऐसे संदर्भ के भीतर, जिसमें उन्हें प्रयुक्त किया जाता है, हस्ताक्षरकर्ता या प्रमाणीकरणकर्ता, यथास्थिति से जोड़ा जाये, किसी अन्य व्यक्ति से नहीं ।
(2) ऐसे हस्ताक्षर किये जाने के बाद इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर का कोई भी परिवर्तन पता लगने योग्य हो ।
(3) इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर द्वारा इसके प्रमाणीकरण के बाद सूचना में कोई भी परिवर्तन पता लगने योग्य हो ।
(4) यह सभी

**138.** आई.टी. अधिनियम की धारा 47 की मूल भाषानुसार, प्रतिकर की मात्रा का न्यायनिर्णयन करते समय, न्यायनिर्णायक अधिकारी निम्नांकित में से किस पर सम्यक ध्यान नहीं देगा (यदि परिमाण निर्धारण योग्य हो) ?

(1) अनुचित फायदे की रकम
(2) किसी व्यक्ति को हुई हानि की राशि
(3) डेटा संरक्षण हेतु पूँजीगत निवेश की राशि
(4) व्यतिक्रम की आवृत्तीय प्रकृति

**139.** किसी उपयोगकर्ता के बारे में यह समझा जायेगा कि उसने डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र स्वीकार कर लिया है, यदि वह डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र को :

(1) एक या अधिक व्यक्तियों को प्रकाशित करता है या उसका प्रकाशन प्राधिकृत करता है ।
(2) किसी निधान में प्रकाशित करता है या उसका प्रकाशन प्राधिकृत करता है ।
(3) डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के लिए अपना अनुमोदन किसी रीति में अन्यथा प्रदर्शित करता है ।
(4) यह सभी

**140.** As per Section 71 of the Information Technology Act, 2000, whoever, makes any misrepresentation to or suppresses any material fact from the Controller or the Certifying Authority for obtaining any licence or digital signature certificate, as the case may be, shall be punished with :

(1) Imprisonment for a term which may extend to six months or with fine upto ₹ 50,000 or with both.

(2) Imprisonment for a term upto one year or with fine upto ₹ 1,00,000 or both.

(3) Imprisonment for a term which may extend to two years or with fine upto ₹ 1,00,000 or with both.

(4) Imprisonment for a term upto two years or with fine upto ₹ 5,00,000 or with both.

**141.** Which of the following statement is not a main characteristic of the Presidential form of Government ?

(1) The President is the head of the State and also the Head of the Government.

(2) The President has power to dissolve the legislature before the expiry of the term.

(3) All executive powers are vested in the President.

(4) The President is elected directly by the people who constitute the electorate.

**142.** In the famous case "Marbury vs. Madison", the doctrine of judicial review was for the first time propounded by :

(1) House of Lords in England

(2) Privy Council in England

(3) Supreme Court of America

(4) Federal Court of India, constituted under Government of India Act, 1935

**143.** Which of the following Acts established the Supreme Court in United Kingdom ?

(1) Constitutional Reform Act, 2005

(2) Constitutional Act, 1982

(3) Civil Rights Act, 1964

(4) Administrative Procedure Act, 1946

**140.** सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 71 के अनुसार, जो कोई नियंत्रक या प्रमाणन प्राधिकारी के समक्ष, यथास्थिति, कोई अनुज्ञप्ति या इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए दुर्व्यपदेशन करता है या किसी तात्विक तथ्य को छिपाता है तो वह ऐसी अवधि के कारावास से जो

(1) छः माह की अवधि तक या ₹ 50,000 जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकेगा ।

(2) एक वर्ष की अवधि तक या ₹ एक लाख जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकेगा ।

(3) दो वर्ष की अवधि तक या ₹ एक लाख जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकेगा ।

(4) दो वर्ष की अवधि तक या ₹ पाँच लाख जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकेगा ।

**141.** निम्न में से कौन सा कथन राष्ट्रपतीय शासन प्रणाली का मुख्य लक्षण नहीं है ?

(1) राष्ट्रपति राज्य का अध्यक्ष होता है और साथ ही शासनाध्यक्ष भी ।

(2) राष्ट्रपति विधान-मण्डल की अवधि के अवसान के पूर्व भी उसका विघटन कर सकता है ।

(3) सभी कार्यपालिका शक्तियाँ राष्ट्रपति में निहित होती हैं ।

(4) राष्ट्रपति जनता द्वारा प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित होता है ।

**142.** "मारबरी बनाम मेडिसन" के प्रसिद्ध वाद में न्यायिक पुनर्विलोकन का सिद्धान्त प्रथम बार प्रतिपादित किया गया था :

(1) इंग्लैण्ड में हाउस ऑफ लॉर्डस द्वारा

(2) इंग्लैण्ड में प्रिवी कॉन्सिल द्वारा

(3) अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट द्वारा

(4) भारत सरकार अधिनियम, 1935 के अन्तर्गत भारत के संघीय न्यायालय द्वारा

**143.** यूनाईटेड किंगडम में सर्वोच्च न्यायालय निम्नांकित में से किस अधिनियम द्वारा स्थापित किया गया था ?

(1) कॉन्स्टिट्यूशनल रिफॉर्म एक्ट, 2005

(2) कॉन्स्टिट्यूशनल एक्ट, 1982

(3) सिविल राईट एक्ट, 1964

(4) एडमिनिस्ट्रेटिव प्रोसिजर एक्ट, 1946

**144.** The Doctrine of Rule of Law is ascribed to Dicey does not included the following idea in “Rule of Law” :

(1) Absence of Arbitratory Power

(2) Equality before Law

(3) Individual Liberty

(4) Judicial Independency

**145.** Lokayuktas are established under _______ of Lokpal and Lokayutas Act, 2013.

(1) Section 53

(2) Section 55

(3) Section 61

(4) Section 63

**146.** As per Section 12(3) of the Right to Information Act, 2005, the Chief Information Commissioner and other Information Commissioners of the Central Information Commission are to be appointed by the President of India but they are to be appointed on the recommendation of a High Power Committee. Who shall not be a member of such instituted committee ?

(1) Prime Minister of India

(2) Leader of the opposite party of the House of People

(3) Any nominated minister of Union Cabinet by Prime Minister

(4) Chief Justice of India

**147.** Which of the following statements is untrue regarding the test of Federal Government in federal system ?

(1) There are two sets of government co-exist in the federation.

(2) These two, central and state governments derive their powers from the constitution.

(3) In both these two governments, the Central Government controls the State Government.

(4) Both these governments are independent to each other subject to the constitutional provisions.

**144.** डायसी से सम्बन्धित “विधि का शासन” की अवधारणा में निम्न विचार सम्मिलित नहीं है :

(1) मनमानी शक्ति का अभाव

(2) विधि के समक्ष समता

(3) वैयक्तिक स्वतन्त्रता

(4) न्यायिक स्वतन्त्रता

**145.** लोकपाल एवं लोकायुक्त अधिनियम, 2013 की _____ के अन्तर्गत लोकायुक्त स्थापित किये गए ।

(1) धारा 53

(2) धारा 55

(3) धारा 61

(4) धारा 63

**146.** सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 12(3) के अनुसार, केन्द्रीय सूचना आयोग के मुख्य सूचना आयुक्त तथा अन्य सूचना आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है लेकिन इनकी नियुक्ति एक उच्च स्तरीय समिति की सिफारिश पर की जाती है । निम्न में से कौन इस समिति के गठन में सदस्य नहीं होगा ?

(1) भारत का प्रधानमंत्री

(2) भारत की लोकसभा के विपक्ष का नेता

(3) प्रधानमंत्री द्वारा मनोनीत केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री

(4) भारत का मुख्य न्यायाधीश

**147.** संघीय प्रणाली में परिसंघ सरकार की कसौटी के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) परिसंघ प्रणाली में दोनों तरह की सरकारें सहभागित होती हैं ।

(2) दोनों ही तरह की सरकारें अपनी शक्तियाँ संविधान से प्राप्त करती हैं ।

(3) दोनों तरह की सरकारों में केन्द्रीय सरकार राज्य सरकार को नियंत्रित करती है ।

(4) दोनों ही सरकारें संवैधानिक प्रावधानों के अन्तर्गत सामान्यत: स्वतंत्र रूप से कार्य करती हैं ।

**148.** The principles of "Rule of Law" propounded by A.V. Dicey forms a fundamental principle of the Constitution. Equality before the law is part of the enduring concept. In this reference the principles of the Rule of law includes :

(1) Absence of arbitrary power

(2) Subjection of officials to the ordinary courts.

(3) Constitution is the result of the ordinary law of the land.

(4) All of these

**149.** The traditional "M.P. Filter" in UK was associated with complaints under the –

(1) Ombudsman Act, 1976

(2) Parliamentary Commissioner Act, 1967

(3) Local Government Act, 1974

(4) Human Right Act, 1998

**150.** Which country's information law is most directly linked by judicial interpretation to the constitutional guarantee of freedom of speech and expression ?

(1) Canada

(2) Australia

(3) India

(4) United Kingdom

**148.** ए.वी. डाइसी द्वारा प्रतिपादित विधिसम्मत शासन संविधान के मूल सिद्धान्तों का प्रारूप है । विधि के समक्ष समता विधिसम्मत शासन का अनिवार्य अंग है । इस संदर्भ में इस सिद्धान्त के अन्तर्गत आते हैं :

(1) मनमानी शक्ति का अभाव

(2) सभी शासकीय पदधारी भी सामान्य न्यायालयों के अध्यधीन हैं ।

(3) संविधान सामान्य भू-विधि का परिणाम है ।

(4) यह सभी

**149.** यूनाइटेड किंगडम में पारम्परिक "एम.पी. फिल्टर" किस अधिनियम के अन्तर्गत शिकायतों से सम्बन्धित था ?

(1) ओम्बड्समैन अधिनियम, 1976

(2) पार्लियामेन्ट्री कमिश्नर एक्ट, 1967

(3) लोकल गवर्नमेंट अधिनियम, 1974

(4) मानव अधिकार अधिनियम, 1998

**150.** निम्नलिखित में से किस देश के सूचना के अधिकार सम्बन्धी विधि को न्यायालय ने संविधान द्वारा प्रदत्त वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ा है ?

(1) कनाडा

(2) ऑस्ट्रेलिया

(3) भारत

(4) यूनाइटेड किंगडम

Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह